


# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 165 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 18 मार्च 2026 डाक 19 मार्च 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
पाँच अरब भोजन पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक विद्यार्थी को भोजन कराया



**देश-विदेश**
महाराष्ट्र में धोखाधड़ी करके नहीं कराया जा सकेगा मतांतरण फ्रीडम ऑफ रिलीजन बिल विधान परिषद से भी पारित



**फीचर पेज**
गर्मियों में बनाकर पिएं ये 5 नींबू के पेय, घर में सभी को आएंगे पसंद



# अमेरिका का ईरान पर बड़ा हमला, होर्मुज के पास गिराया 5000 पाउंड वजनी बम, मिसाइल ठिकाने बने निशाना



**वाशिंगटन, 18 मार्च [एजेंसी]।**

अमेरिका ने बुधवार की तड़के ईरान पर कई बड़े हमले किए हैं। अमेरिकी सेना ने बताया कि इन हमलों में 5,000 पाउंड (करीब 2267 किलोग्राम) वजनी डीप पेनेट्रेटर बमों का इस्तेमाल किया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, इन हमलों में होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के तटीय क्षेत्रों में स्थित कड़े सुरक्षा वाले मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेना के बयान में कहा गया कि इन ठिकानों पर मौजूद एंटी-शिप क्रूज मिसाइलें अंतरराष्ट्रीय समुद्री यातायात के लिए खतरा बन रही थीं, इसलिए यह कार्रवाई की गई। इस बीच ईरान ने इस्राइल के मध्य क्षेत्र में बैलिस्टिक मिसाइल हमले किए, जिनमें दो लोगों की मौत हो गई। इस्राइल की आपातकालीन सेवा मैगन डेविड एडोम (एमडीए) के अनुसार, रमत गन शहर में एक पुरुष और एक महिला की मौत गंभीर छर्रे लगने से हुई। वहीं, तेल अवीव के उत्तर में स्थित बेनी ब्राक शहर में भी मिसाइल के टुकड़े गिरने से एक व्यक्ति घायल हुआ है। दूसरी ओर संयुक्त अरब अमीरात में भी ईरान की ओर से मिसाइल और ड्रोन हमलों की पुष्टि हुई है। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि देश के अलग-अलग हिस्सों में वायु रक्षा प्रणालियों ने बैलिस्टिक मिसाइलों को रोका और लड़ाकू विमानों ने ईरानी ड्रोन्स को मार गिराया। राष्ट्रीय आपातकालीन संकट और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने और आधिकारिक सूचनाओं का पालन करने की अपील की है। पूरे देश में सायरन बजते हुए सुनाई दिए, जिन्हें सफल इंटरसेप्शन ऑपरेशन का नतीजा बताया गया।

बहरीन के गृह मंत्रालय ने भी सायरन बजने की पुष्टि करते हुए नागरिकों और निवासियों से शांत रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने का आग्रह किया। कुवैत में भी सेना ने बताया कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियां दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों का जवाब दे रही हैं और धमाकों की आवाजें इन्हीं इंटरसेप्शन की वजह से हैं। वहीं, इस्राइल की ओर से भी ईरान पर लगातार हवाई हमले किए जा रहे हैं। वहीं, इस्राइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत पर भारी हवाई हमले किए हैं।

## पुलिस एनकाउंटर में बदमाश घायल, तीन साथी गिरफ्तार

**संबलपुर।** संबलपुर जिले के रैराखोल इलाके में पुलिस ने बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात अपराधी टीमा झंकार और उसके साथियों के खिलाफ एनकाउंटर किया। इस दौरान झंकार घायल हो गया, जिसके बाद पुलिस की टीम ने उसे पकड़ लिया। यह घटना रैराखोल पुलिस थाना क्षेत्र के दुमछली जंगल में हुई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस एनकाउंटर के दौरान टीमा झंकार को उसके दाहिने पैर में गोली लगी और उसे तुरंत इलाज के लिए विमसर अस्पताल भेजा गया। वहीं, पुलिस ने झंकार के तीन साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही, आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने पिस्टल, कारतूस और वाहन समेत कई चीजें बरामद की हैं, जिनका उपयोग आरोपी वारदातों को अंजाम देने में करते थे।

### दिल्ली के साध नगर में 4 मंजिला इमारत में लगी आग

# एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत, 3 अस्पताल में भर्ती

**नईदिल्ली 18 मार्च [एजेंसी]।**



दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के साध नगर, पालम इलाके में बुधवार को चार मंजिला इमारत में लगी आग ने बड़ा हादसा रूप ले लिया। आग की इस घटना में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग अस्पताल में भर्ती हैं। जानकारी के अनुसार, आग लगने के बाद इमारत के अंदर एक ही परिवार के नौ लोग फंस गए थे। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग, दिल्ली पुलिस और एंबुलेंस की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और राहत-बचाव अभियान शुरू किया गया। अधिकारियों के अनुसार हादसे में घायल हुए तीन लोगों को पालम स्थित दिव्य प्रस्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। मौके पर तीन एंबुलेंस तैनात की गई थीं, जबकि अन्य एंबुलेंस संकरी और भीड़भाड़ वाली जगह के कारण कुछ दूरी पर खड़ी रहीं। आग चार मंजिला इमारत के एक हिस्से में लगी थी, जिसके बाद धुआं तेजी से पूरे भवन में फैल गया और परिवार के सदस्य अंदर ही फंस गए।

दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने और लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस और दमकल विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और मामले की जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच के बाद ही आग लगने के कारणों का पता चल सकेगा।

# इंदौर में 8 लोगों की जिंदा जलकर मौत

### ईवी चार्जिंग के दौरान घर में लगी आग, कई सिलिंडर फटे



**इंदौर, 18 मार्च [एजेंसी]।**

इंदौर के बृजेश्वरी एनेक्स रिहायशी इलाके में एक घर में आग लग गई। इस घटना में आठ लोगों (पहले ये संख्या 7 बताई जा रही थी) की जान चली गई है। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान एक बच्चे का शव भी निकाला गया है। इस मामले को लेकर इंदौर के पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने बताया, शुरुआती जांच के मुताबिक, घर के बाहर एक इलेक्ट्रिक गाड़ी चार्ज हो रही थी और चार्जिंग पॉइंट में धमाका हो गया। इसके बाद आग गाड़ी से घर तक फैल गई। घर के अंदर 10 से ज़्यादा गैस सिलेंडर भी रखे थे, जिनमें से कुछ में धमाका हो गया। इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई है। तीन लोगों को बचा लिया गया है। यह घर मनोज पुगलिया का था, जो पॉलीमर का कारोबार करते थे। घर में कुछ ऐसे केमिकल भी रखे थे जो ज्वलनशील थे। पड़ोसियों ने बताया कि जब सुबह चीख-पुकार मची तो वे बाहर निकले, देखा तो मकान में आग लगी हुई थी। उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को इसकी सूचना दी। पड़ोसी इस दौरान बाल्टियों में पानी भरकर आग बुझाने की कोशिश में लगे रहे, लेकिन आग तब तक पूरे घर में फैल चुकी थी। इस घटना के बाद कॉलोनी में शोक का माहौल है। घर में लगी आग से आठ लोग जिंदा जल गए।

## एसएसबी जवान ने सर्विस राइफल से खुद को मारी गोली, मौत

**चतरा 18 मार्च।** झारखंड के चतरा जिले में एक एसएसबी जवान ने कथित तौर पर सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद सुरक्षा कैंप में हड़कंप मच गया। फिलहाल आत्महत्या के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के शिला ओपी पिकेट की है। यहां एसएसबी की 35वीं बटालियन में जवान की तैनाती थी। बीती रात करीब 10 बजे जवान ने अपनी ही सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली।

## मुंबई की मेयर तावड़े को आरोपमुक्त करने संबंधी याचिका कोर्ट ने की खारिज

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने दो स्कूल शिक्षकों पर हमले के मामले में शहर की मेयर और भाजपा पार्षद रितु तावड़े को बरी करने से इनकार कर दिया है। अदालत ने पीड़ितों के बयानों को उनके खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सबूत बताया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वाईपी मनथका ने अपने फैसले में कहा कि अन्य गवाहों ने भी कहा कि तावडे ने शिक्षकों पर हमला किया था। यह घटना 29 जुलाई, 2016 को वाकोला क्षेत्र में नगर निगम के एक उर्दू माध्यम विद्यालय में घटी थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, यह विवाद एक महिला शिक्षिका के अचानक तबादले को लेकर भड़का, जो कथित तौर पर कैंसर से जूझ रही थीं। अभियोजन पक्ष ने कहा कि तावडे ने छह अन्य लोगों के साथ कथित तौर पर स्कूल में प्रवेश किया। इसके साथ ही कैंसर से पीड़ित होने के बावजूद शिक्षक के तबादले को लेकर प्रबंधन के साथ तीखी बहस की।

# राज्यसभा सदस्यों की रिटायरमेंट पर पीएम मोदी का संबोधन, कहा- राजनीति में फुलस्टॉप नहीं

**नईदिल्ली 18 मार्च [एजेंसी]।**



राज्यसभा से आज कई सदस्य रिटायर हो रहे हैं। खाली होने वाली इन सीटों पर कई सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। आज राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सभी सदस्यों के संसदीय जीवन और कार्यकाल को रेखांकित किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिटायर हो रहे सभी सदस्यों की भूमिका को लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने वाला बताते हुए उनकी प्रशंसा की। सांसदों के विदाई सत्र में पीएम मोदी ने अपने भाषम में कहा कि सदन एक ओपन यूनिवर्सिटी जैसी है। नए सांसदों को हमेशा सीखना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि राज्यसभा एक ऐसी संस्था है, जहां अनुभव और समझ हमेशा कीमती होती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राजनीति में फुल स्टॉप नहीं होता, यानी सार्वजनिक सेवा का सफर केवल पदों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह हमेशा जारी रहता है।

उन्होंने रिटायर सदस्यों के अनुभव और कार्यों से अनुभव लेने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि नए और युवा सांसदों को इन वरिष्ठ नेताओं से प्रेरणा और मार्गदर्शन लेना चाहिए। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण के दौरान कहा कि रिटायरमेंट का मौका भावुक पल होता है। पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि इनकी आधी आयु संसदीय प्रणाली में गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि रिटायर हो रहे सांसदों का योगदान लोकतंत्र और संसदीय परंपराओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि सदन और देश के लिए उनका अनुभव हमेशा उपयोगी रहेगा। पीएम मोदी के बाद राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी राज्यसभा के सदस्यों की रिटायरमेंट पर अपना वक्तव्य रखा।

# नेपाल में चिनफिंग की किताब जलाने पर विवाद, चीन ने की कार्रवाई की मांग



**नई दिल्ली 18 मार्च।** नेपाल में उस समय एक विवाद खड़ा हो गया, जब कल रात मोरांग जिले के मनमोहन टेक्निकल कॉलेज में कथित तौर पर सैकड़ों किताबें जला दी गईं। इनमें चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा लिखी गई किताब द गवर्नेंस ऑफ चाइना की प्रतियां भी शामिल थीं। इस घटना को लेकर चीन ने कड़ा विरोध दर्ज कराया और अपनी नाराजगी जाहिर की। काठमांडू स्थित चीनी दूतावास ने नेपाल के विदेश मंत्रालय को एक आधिकारिक नोट भेजा, जिसमें इस मामले पर तत्काल कार्रवाई और स्पष्टीकरण की मांग की गई। जैसे ही यह वीडियो वायरल हुआ मोरंग के मुख्य जिला अधिकारी युवराज कट्टेल ने मीडिया संस्थानों से इस फुटेज को हटाने का आग्रह किया और चेतावनी दी कि इसका नेपाल-चीन संबंधों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। नेपाल के गृह मंत्री ओम प्रकाश आर्यल ने पुष्टि की कि इस घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और आश्वासन दिया कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि चीन ने इस संबंध में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। सूत्रों के अनुसार, यह घटना ऐसे समय में हुई है जब नेपाल में कई मुद्दों को लेकर चीन पहले से ही चिंतित है। इन मुद्दों में तिब्बती धार्मिक नेताओं की यात्राएं, पोखरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से जुड़ी कथित अनियमितताएं और नेपाल में 5 प्रतिशत नेटवर्क के विस्तार में Huawei की भागीदारी शामिल हैं।

## संसद में टपोरी की तरह आते हैं, कंगना रनौत ने राहुल गांधी पर की टिप्पणी, कहा- महिला सांसद असहज हो जाती हैं

**नईदिल्ली 18 मार्च।** अदाकारा और सांसद कंगना रनौत का कहना है कि संसद में राहुल गांधी अनुशासनहीन व्यवहार करते हैं। कंगन रनौत का कहना है कि राहुल गांधी से संसद में महिला सांसद असहज महसूस करती हैं। कंगना ने प्रियंका गांधी के व्यवहार की तारीफ की। कंगना से पूछा गया कि, ब्यूरोक्रेट्स ने एक पत्र लिखकर कहा है कि राहुल गांधी का आचरण संसद में ठीक नहीं है। उस पर आप क्या कहेंगी। इस पर उन्होंने कहा, बिल्कुल, हम महिलाओं को उन्हें देखकर बहुत असहज महसूस होता है, क्योंकि वो एकदम टपोरी की तरह आते हैं और किसी के साथ भी तू-तड़ाक करते हैं। कंगना ने आगे कहा, अगर कोई इंटरव्यू दे रहा होता है, तो वे अनुचित टिप्पणियां करके बीच में ही टोक देते हैं। जिस तरह से वे खुद को पेश करते हैं, वह बहुत ही असहज करने वाला है। उन्हें अपनी बहन को देखना चाहिए। उनसे सीखना चाहिए। प्रियंका गांधी का आचरण और व्यवहार बहुत अच्छा है, और उनमें उचित शिष्टाचार है। इसके अलावा कंगना रनौत ने सनातन को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, जो भी हैं सब सनातनी हैं। सनातन मतलब, जिसका न आदि है न अंत। सारे धर्म हजार-पंद्रह सौ साल पुराने हैं। सनातन ही है, जो सत्य है।

# मैनपुरी में टीनशेड गिरने से दो बच्चों समेत तीन की मौत, परिवार के अन्य 3 लोगों की हालत गंभीर

**मैनपुरी।** घर में सो रहे परिवार पर मंगलवार की रात कच्ची दीवार टिन शेड के साथ भरभराकर गिर गई। इससे मलबे में दबकर दो बच्चों सहित तीन की मृत्यु हो गई और तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए । कुरावली थाना क्षेत्र के गांव आठपुरा निवासी बृजेश कुमार जाटव पुत्र लालसिंह का गांव में कच्चा मकान बना हुआ है। कल रात्रि करीब 11 बजे बृजेश अपनी पत्नी और चार बच्चों के साथ कच्ची दीवार के ऊपर रखी टिनशेड के नीचे लेटे हुए थे, अचानक कच्ची दीवार और इस पर रखा टिन शेड भर भरा कर गिर गया। दीवार के मलबे में सभी लोग दब गए। आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने मलबे में दबे सभी को बाहर निकाला। जब तक सभी को मलबे से बाहर निकाला गया तब तक 40 बर्षीय रुबी पत्नी बृजेश कुमार, 8 बर्षीय दिलीप कुमार पुत्र बृजेश कुमार, 13 वर्षीय बेबी पुत्री बृजेश कुमार की मौत हो चुकी थी। बृजेश कुमार, गुड़िया पुत्री बृजेश, पल्लवी पुत्री बृजेश गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर ललित भाटी मय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, है। साथ ही तीनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि हादसे में दो बच्चों सहित तीन की मृत्यु हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है घायलों का उपचार कराया है। बृजेश कुमार अपने मकान का निर्माण कार्य करा रहे थें, जिसके लिए उन्होने कच्ची दीवार के पास ही दूसरी दीवार बनाने के लिए नींव खोदी थी।



स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# राज्यसभा चुनाव में क्रॉस-वोटिंग पर बीजेडी ने 6 विधायकों को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**भुवनेश्वर, 18 मार्च [एजेंसी]।**



बीजू जनता दल (बीजेडी) ने 16 मार्च, 2026 को हुए राज्यसभा चुनावों के दौरान पार्टी के निर्देशों का कथित तौर पर उल्लंघन (क्रॉस वोटिंग) करने के आरोप में अपने छह विधायकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। 20 मार्च तक उचित जवाब न देने पर पार्टी की ओर से एकतरफा कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। पार्टी अध्यक्ष की मंजूरी से मुख्य सचेतक प्रमिला मल्लिक द्वारा जारी किए गए ये नोटिस चक्रमणि कन्हार (बालीगुडा), नबाकिशोर मल्लिक (जयदेव), सौविक बिस्वाल (चौद्वार-कटक), सुबासिनी जेना (बस्ता), डॉ. रमाकांत भोई (तिर्तोल) और देवीरंजन त्रिपाठी (बांकी) को संबोधित हैं। 6 विधायकों को संबोधित करते हुए जारी पत्र में लिखा गया है, आप बीजू जनता दल के टिकट पर विधायक चुने गए हैं। पार्टी नेतृत्व के संज्ञान में आया है कि 16 मार्च को हुए राज्यसभा चुनावों के दौरान आपने ऐसा आचरण किया है, जो पार्टी अनुशासन का गंभीर उल्लंघन और बीजू जनता दल द्वारा आप पर जताए गए विश्वास का विश्वासघात है। आपने पार्टी द्वारा जारी निर्देशों और 15 मार्च को हुई बीजू जनता दल की विधायक दल की बैठक में लिए गए निर्णय का उल्लंघन किया है। आपके कार्यों से बीजू जनता दल के संविधान के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन होता है, जो पार्टी के सामूहिक निर्णयों के प्रति पूर्ण निष्ठा अनिवार्य करता है। उपरोक्त निर्देशों के विरुद्ध जाकर बीजू जनता दल द्वारा समर्थित न किए गए उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया। इसका प्रमाण 16 मार्च को पार्टी के अधिकृत प्रतिनिधि को आपके द्वारा चिह्नित मतपत्र का अनिवार्य प्रदर्शन है, जिससे आपके मतदान का तरीका निर्विवाद हो जाता है। पत्र में आगे लिखा गया है, ऐसा आचरण घोर अनुशासनहीनता, पार्टी के विश्वास का उल्लंघन और बीजू जनता दल के अनुशासन के लिए स्पष्ट रूप से हानिकारक गतिविधि है और यह बीजू जनता दल की आपकी सदस्यता का स्वैच्छिक त्याग माना जाएगा। यह बीजू जनता दल की आपकी निरंतर सदस्यता के साथ स्पष्ट रूप से असंगत है और प्रथम दृष्टया यह दर्शाता है कि आपने उस राजनीतिक दल की सदस्यता का स्वैच्छिक त्याग कर दिया है जिसके टिकट पर आप निर्वाचित हुए थे। अतः नोटिस के जारी होने के तीन दिनों के भीतर उचित जवाब दें।

## रायपुर में 20, 27 और 31 मार्च को मांस-मटन बिक्री पर रोक

**रायपुर 18 मार्च।** रायपुर में तीन दिनों तक मांस-मटन की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगी। दरअसल, कल से धार्मिक त्योहार शुरू हो रहा है। जिसको देखते हुए मांस और मटन की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है। रायपुर नगर निगम ने तीन दिनों तक मांस-मटन दुकानें बंद करने का फैसला लिया है। चेट्रीचंड, रामनवमी और महावीर जयंती पर मांस-मटन बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जारी आदेश के अनुसार, 20 मार्च को सिंधी समाज के प्रमुख त्योहार चेट्रीचंड है। इस दिन राजधानी में मांस-मटन की बिक्री पर रोक रहेगी। जिसके बाद 27 मार्च को रामनवमी का त्योहार, और 31 मार्च को महावीर जयंती के चलते पूरे नगर निगम क्षेत्र में मांस-मटन की दुकानें और बूचड़खाने (पशुवध गृह) पूरी तरह से बंद रहेंगे।

## भाजपा की प्रदेश कार्य समिति में कुछ चेहरों को मौका

**कोरबा ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की सहमति से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने की है।

इस कार्यसमिति में कोरबा जिले से कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन व वरिष्ठ नेत्री मीना शर्मा को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। इसी क्रम में वरिष्ठतम नेता पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर सहित पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक चावलानी, पूर्व महापौर जोगेश लाम्बा, पूर्व विधायक राम दयाल उइके को प्रदेश स्थाई आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। साथ ही कहा गया है कि सम्भाग प्रभारी/सह-प्रभारी, जिला प्रभारी/सह-प्रभारी, प्राधिकरण, निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड के अध्यक्ष, नगर निगम के महापौर एवं जिला पंचायत अध्यक्ष पदेन सदस्य होंगे।

## दो खदानों की क्षमता विस्तार को अनुमति

**कोरबा।** एसईसीएल की दो खदानों को कोयला उत्पादन क्षमता बढ़ाने की पर्यावरणीय मंजूरी मिली है। इनमें एसईसीएल कोरबा एरिया की सराईपाली ओपनकास्ट माइंस और चिरमिरी एरिया की विजय वेस्ट माइंस है, जो पसान क्षेत्र में हैं। इससे अगले वित्त वर्ष में एसईसीएल के कुल उत्पादन में दोनों ही खदानों की हिस्सेदारी बढ़ेगी। एसईसीएल गेवरा माइंस को 70 मिलियन टन सालाना कोयला खनन की अनुमति मिलने के बाद प्रबंधन खदान विस्तार में जुटा है।

कुसमुंडा खदान को 75 मिलियन टन सालाना प्रोडक्शन के लिए बीओडी से हरी झंडी मिल चुकी है। अब आगे जरूरी विभागों से मंजूरी के लिए प्रक्रिया पूरी की जा रही है। सराईपाली माइंस एसईसीएल कोरबा एरिया की दूसरी ओपनकास्ट खदान है, जो पाली ब्लॉक के बुड़बुड़ में है। सराईपाली खदान की सालाना कोयला उत्पादन क्षमता 1.96 मिलियन टन थी। इसे बढ़ाकर 2.10 मिलियन टन वार्षिक उत्पादन के लिए पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से पर्यावरणीय स्वीकृति मिल गई है। इसी तरह विजय वेस्ट भूमिगत खदान की सालाना उत्पादन क्षमता 6 लाख टन थी। 7 लाख टन कोयला उत्पादन के लिए पर्यावरणीय मंजूरी मिली है। अघोषित रूप से बंद कई भूमिगत खदानों को भी उत्पादन में लाया जाएगा। कोयला होने के बावजूद इनवायरमेंट क्लीयरेंस व अन्य जरूरी प्रक्रिया पूरी नहीं करने से इन खदानों से उत्खनन नहीं हो रहा है।

## भाजपा के महा प्रशिक्षण अभियान शुभारंभ

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत कोरबा नगर के कोसाबाड़ी मंडल में मंगलवार 17 मार्च 2026 को भव्य एवं गरिमामय वातावरण में प्रशिक्षण अभियान का शुभारंभ हुआ। सीएसईबी सीनियर क्लब में आयोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री गोपाल मोदी एवं रायपुर सह प्रभारी डॉ. राजीव सिंह ने ध्वजारोहण कर तथा दीप प्रज्वलित कर अभियान की औपचारिक शुरुआत की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह, अनुशासन और संगठनात्मक ऊर्जा का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। ध्वजारोहण और दीप प्रज्वलन के साथ ही उपस्थित कार्यकर्ताओं ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के गगनभेदी नारों से वातावरण को राष्ट्रभक्ति और जोश से भर दिया।प्रशिक्षण अभियान के प्रथम सत्र की अध्यक्षता कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष श्री राजेश राठौर ने की। मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री गोपाल मोदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा का इतिहास केवल राजनीतिक घटनाओं का नहीं, बल्कि त्याग, तपस्या, राष्ट्रभक्ति और समर्पण की अद्वितीय परंपरा का प्रतीक है।उन्होंने जनसंघ के दौर से लेकर वर्तमान समय तक की यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि लाखों कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, अनुशासन और वैचारिक निष्ठा के बल पर ही आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित हुई है।

श्री मोदी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित होकर कार्य करें। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' को भाजपा की आत्मा बताते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सम्मान पहुंचाना ही पार्टी की मूल सोच है।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह ने की। इस सत्र में जिला सह-संगठन प्रभारी श्री विजेंद्र शुक्ला की विशेष उपस्थिति रही। इस दौरान संगठन की कार्यपद्धति, बूथ स्तर तक सशक्तिकरण और कार्यकर्ता निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया गया।

पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। सभी ने गंभीरता और सक्रियता के साथ सत्रों में भाग लेते हुए संगठनात्मक मूल्यों और कार्यशैली को गहराई से समझा। कार्यक्रम के समापन पर सामूहिक भोजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसने पूरे आयोजन को आत्मीयता और उत्सव के माहौल से भर दिया। यह महा प्रशिक्षण अभियान न केवल संगठन को नई मजबूती प्रदान करने वाला साबित हो रहा है, बल्कि इससे कार्यकर्ताओं में वैचारिक स्पष्टता, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण की भावना को भी नई ऊर्जा मिल रही है।

# कोरबा जिले में एलपीजी गैस और पेट्रोल की पर्याप्त उपलब्धता,आपूर्ति पूरी तरह सुचारू

### एक दिन में गैस डिलीवरी: सुभाष चंद्र अग्रवाल को मिली त्वरित सेवा

**कोरबा ।** जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर एवं पेट्रोल की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य और सुचारू बनी हुई है। शासन के निर्देशों के अनुरूप कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में आपूर्ति व्यवस्था को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है, ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। सभी वितरण केंद्रों और पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित किया गया है तथा नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से आपूर्ति की स्थिति पर सतत नजर रखी जा रही है। आम नागरिकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था को सुगम, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाए रखा गया है, जिससे सभी उपभोक्ताओं को समय पर आवश्यक संसाधन उपलब्ध हो सकें।इसी व्यवस्था की सफलता का एक स्पष्ट और प्रेरक उदाहरण कोरबा जिले के शहरी क्षेत्र इंद्राविहार कॉलोनी के निवासी श्री सुभाष चंद्र अग्रवाल हैं। उन्होंने बीते दिन घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के लिए बुकिंग की थी और आज ही उन्हें बिना किसी परेशानी के समय पर सिलेंडर प्राप्त हो गया। उनका यह अनुभव दर्शाता है कि जिले में आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारू और प्रभावी ढंग से संचालित हो रही है।श्री अग्रवाल ने बताया कि प्रारंभ में उन्हें भी गैस उपलब्धता को लेकर कुछ भ्रम था, लेकिन जब उन्होंने स्वयं जाकर सिलेंडर प्राप्त किया, तब यह स्पष्ट हो गया कि जिले में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और वितरण व्यवस्था व्यवस्थित रूप से संचालित की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में गैस वितरण प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और निर्बाध है, जिससे उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है।अंत में उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक जानकारी पर ध्यान न दें।



जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित है और सभी उपभोक्ताओं को उनकी आवश्यकता के अनुसार समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है।

खाद्य अधिकारी श्री घनश्याम कंवर ने बताया कि सभी वितरकों के स्टॉक की मॉनिटरिंग की जा रही है और प्रतिदिन पूर्व की भांति नया स्टॉक नियमित रूप से आ रहा है ।शहर की प्रमुख गैस एजेंसियों सारांश गैस, कोरबा गैस एजेंसी और पवन गैस एजेंसी, की आपूर्ति स्थिति, दैनिक वितरण क्षमता और लंबित बुकिंग की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। प्रशासन का उद्देश्य उपभोक्ताओं को समयबद्ध रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना है।सारांश गैस के पास वर्तमान में सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है। जनवरी-फरवरी में औसत 450 सिलेंडर प्रतिदिन वितरण किया गया था, जिसे अब बढ़ाकर 480 सिलेंडर प्रतिदिन कर दिया गया है।कोरबा गैस एजेंसी में सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है।

पूर्व में प्रतिदिन औसत वितरण 630 सिलेंडर था, जिसे बढ़ाकर 650 सिलेंडर प्रतिदिन किया गया है। पवन गैस एजेंसी में सिलेंडरों का वर्तमान स्टॉक है। एजेंसी ने अपनी वितरण क्षमता को 300 से बढ़ाकर 370 सिलेंडर प्रतिदिन कर दिया है। प्रशासन ने सभी एजेंसियों को निर्देशित किया है कि स्टॉक उपलब्धता और दैनिक वितरण क्षमता में संतुलन स्थापित करते हुए उपभोक्ताओं तक समय पर रसोई गैस पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही लंबित बुकिंग के त्वरित निपटान के लिए संसाधनों और परिवहन व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा रहा है।

## संपूर्णता अभियान के इंडिकेटर को दो सप्ताह में हासिल करें: निगमायुक्त

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देशन में निगमायुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने संपूर्णता अभियान अंतर्गत सम्बंधित विभागों को दिये गए इंडिकेटर में दो सप्ताह के भीतर लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए।



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के बैठक में निगमायुक्त श्री पांडेय ने स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग, पशुधन विभाग, कृषि,शिक्षा विभाग को संपूर्णता अभियान के अंतर्गत संकेतकों को दो सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में धान उठाव की स्थिति की समीक्षा करते हुए उठाव में प्रगति लाने के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिए। निगमायुक्त ने किसान पीएम सम्मान निधि, ऐग्रिस्टेक पोर्टल में किसानों की एंट्री, केसीसी की समीक्षा करते हुए कृषि अधिकारी को जनपद सीईओ,ग्राम पंचायत से समन्वय कर प्रगति के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सीएमएचओ को आभा आईडी, आयुष्मान कार्ड, व्यवन्दन कार्ड, एचआरपी का समीक्षा करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बैठक में अपार आईडी, रेडी टू ईट, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम सूर्यघर योजना, धरती आबा,पीएम जनमन योजना और स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निगम आयुक्त श्री पांडेय ने प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएमओ, मुख्यमंत्री जनदर्शन, मानवाधिकार आयोग, कलेक्टर जनदर्शन सहित अन्य महत्वपूर्ण लंबित प्रकरणों को निराकरण के निर्देश दिये। बैठक में तहसीलदारो और नगरीय निकायों के सीएमओ के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर निराकरण के निर्देश दिये गए।

### घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध व्यावसायिक उपयोग पर कटघोरा प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, चार ठिकानों से सिलेंडर जब्त

**कोरबा ।** कटघोरा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत घरेलू एलपीजी. सिलेंडरों के अवैध भंडारण और उनके व्यावसायिक उपयोग के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। तहसीलदार कटघोरा श्री सूर्यप्रकाश केशकर, खाद्य निरीक्षक श्री सुरेन्द्र कुमार लॉझी और हल्का पटवारी के संयुक्त जांच दल द्वारा क्षेत्र के विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें चार प्रमुख स्थानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का नियम विरुद्ध उपयोग पाया गया। निरीक्षण के दौरान जांच दल ने अंबिकापुर रोड स्थित मो. जिशान सिद्दीकी के पास से 02 नग घरेलू सिलेंडर बरामद किए। इसी प्रकार बिलासपुर रोड स्थित पनेसर बॉडी एण्ड इंजीनियरिंग वर्क्स (संचालक गुरूदेव सिंह पनेसर) और पनेसन बॉडी बिल्डर्स एवं ऑटोलेट वर्क्स (संचालक हरबंस सिंह पनेसर) से क्रमशः 01-01 नग घरेलू सिलेंडर जब्त किए गए। इसके अतिरिक्त, बस स्टैंड स्थित विष्णु होटल के संचालक अनिल साहू के पास से भी 01 नग घरेलू एल.पी.जी. सिलेंडर व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाया गया, जिसे तत्काल प्रभाव से जब्त कर लिया गया।उल्लेखनीय है कि यह पूरी कार्रवाई द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 एवं गैस सिलेंडर नियम 2016 के उल्लंघन के तहत की गई है। प्रशासनिक दल द्वारा मौके पर ही विधिवत पंचनामा तैयार कर कुल 05 नग सिलेंडरों को सुरक्षित रूप से निकटतम गैस एजेंसी, मेसर्स सेवा इण्डेन, कटघोरा की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है। तहसीलदार कार्यालय द्वारा इस संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं जिला कलेक्टर (खाद्य शाखा) को आगामी वैधानिक कार्रवाई हेतु प्रेषित कर दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस तरह की जांच निरंतर जारी रहेगी ताकि घरेलू गैस के दुरुपयोग को रोका जा सके।

### कोरबा जिले के प्रगतिशील मत्स्य कृषकों का अध्ययन भ्रमण सफल, कलेक्टर से की मुलाकात



**कोरबा ।** मछली पालन विभाग द्वारा कोरबा जिले के प्रगतिशील मत्स्य कृषकों को राज्य के बाहर अध्ययन भ्रमण पर भेजा गया था। हितग्राही किसान भुवनेश्वर तथा कौशल्या गंगा में स्थित प्रशिक्षण केंद्रों में पहुँचे, जहाँ उन्होंने उन्नत एवं वैज्ञानिक मछली पालन तकनीकों की जानकारी हासिल की।

भ्रमण से लौटने के बाद आज कृषकों ने कलेक्टर कुणाल दुदावत से मुलाकात की। कलेक्टर ने किसानों से प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई विधियों पर चर्चा की और कहा कि आधुनिक तकनीकों को अपनाकर न केवल उत्पादन बढ़ाया जा सकता है, बल्कि आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने किसानों को प्राप्त ज्ञान के आधार पर प्रभावी कार्य-योजना बनाकर जिले में मछली पालन को और अधिक प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए तथा उन्हें शुभकामनाएँ भी दीं।इस अवसर पर मत्स्य विभाग के सहायक संचालक क्रांति कुमार बघेल भी उपस्थित रहे।

### गेवरा प्रोजेक्ट कन्ज्यूमन को-ऑपरेटिव स्टोर्स लिमिटेड गेवरा प्रोजेक्ट के संचालक मंडल सदस्यों के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम जारी

कोरबा। गेवरा प्रोजेक्ट कन्ज्यूमर को-ऑपरेटिव स्टोर्स लिमिटेड गेवरा प्रोजेक्ट पंजीयन क्रमांक 3369 विकासखंड कटघोरा जिला कोरबा के संचालक मंडल सदस्यों के निर्वाचन हेतु चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। रिटर्निंग अधिकारी दीपक सिंह कंवर द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र 24 मार्च 2026 को सुबह 11.30 से अपरांह 3.30 बजे तक समिति कार्यालय में प्रस्तुत किये जायेंगे। विशेष साधारण सभा में मतदान 02 अप्रैल को सुबह 09 बजे से अपरांह 03 बजे तक कराया जायेगा।

## बजट पारित हुआ एमआईसी में

**कोरबा ।** नगर पालिक निगम कोरबा का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2025-26 एवं बजट वर्ष 2026-27 एमआईसी द्वारा पारित कर आवश्यक स्वीकृति हेतु साधारण सभा की ओर अग्रेषित किया गया। मेयर इन काउंसिल द्वारा निगम के विभिन्न कार्यो से जुड़े प्रस्तावों पर विचार विमर्श पश्चात सर्वसम्मति से आवश्यक स्वीकृतियां भी दी गई, साथ ही राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना एवं सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजना के हितग्राहियों को भी एमआईसी द्वारा अपनी स्वीकृति प्रदान की गई।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की विशेष उपस्थिति में निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक पं. जवाहरलाल नेहरू सभागार स्थित एमआईसी कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल, भानुमति जायसवाल, अजय गोंड़, फिरतराम साहू, उर्वशी राठौर, ममता यादव, अजय कुमार चन्द्रा एवं सरोज शांडिल्य आदि उपस्थित थे। नगर पालिक निगम कोरबा का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2025-26 एवं बजट वर्ष 2026-27 मेयर इन काउंसिल के समक्ष रखा गया, एमआईसी द्वारा सर्वसम्मति से बजट प्रस्ताव को पारित करते हुए बजट को आवश्यक स्वीकृति हेतु निगम की आगामी साधारण सभा की ओर अग्रेषित किया गया। बैठक के दौरान पेनल लायर की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव, जाति उद्घोषणा की स्वीकृति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राष्ट्रीय परिवार सहायता व मुख्यमंत्री पेंशन योजना के हितग्राहियों की स्वीकृति, जल आवर्धन फेस-2 अंतर्गत 29 एम.एल.डी. जलउपचार संयंत्र के संधारण संचालन कार्य, वीर सावरकर भवन के आबंटन, अधोसंरचना मद से नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत 05 करोड़ 93 लाख रूपये से मुख्य सड़कों का डामरीकरण सहित शहर के विभिन्न मार्गो के डामरीकरण कार्य से जुड़े प्रस्तावों, बुधवारी बाजार पुर्नविकास परियोजना, सीबीजी प्लांट एरिया बरबसपुर में विभिन्न निर्माण कार्य, हाई मास्ट लाईट स्ट्रीट लाईट आदि से जुड़े कार्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव, पालना घर कार्यकर्ता एवं सहायिक नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव, मुड़ापार बाजार में प्रकाश व्यवस्था, निगम क्षेत्रांतर्गत जल प्रदाय संचालन संधारण हेतु श्रमिक प्रदाय सहित बैठक में प्रस्तुत अन्य प्रस्तावों पर निगम की एमआईसी द्वारा स्वीकृतियॉ दी गई तथा प्रस्तावों पर आवश्यक निर्णय लिये गये।

बैठक के दौरान निगम के अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, उपायुक्त पवन वर्मा एवं बी.पी. त्रिवेदी, लेखाधिकारी भवकांत नायक, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, संपदा अधिकारी सचिन तिवारी, जोन कमिश्नर व कार्यपालन अभियंता भूषण उरांव, एन.के. नाथ, अखिलेश शुक्ला, राकेश मसीह, लीलाधर पटेल, सुनील टांडे, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, सहायक अभियता पीयूष राजपूत, सुशील चन्द्र सोनी, दीवाकांत जायसवाल, आनंद दुबे, अरूण मिश्रा, अरविंद सिंह, उदय मंडल, आदि के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## आखिर क्यों खर्च किया गया पिट लाईन पर करोड़ों का खर्च,सांसद ने उठाया सवाल

**कोरबा ।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने लंबे समय से रेल यात्री सुविधाओं को लेकर कोरबा की उपेक्षा का मामला रेल बजट में अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान उठाया। उन्होंने सीधे पूछा कि दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे को 80 फीसदी कमाई कोरबा दे रहा है तो फिर वहां के लोगों को यात्री सुविधाओं के लिए बजट में विशेष प्रावधान क्यों नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र से राजस्व उस क्षेत्र को न्याय मिलना ही चाहिए।

सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कोरबा में 30 लाख से ज्यादा की लागत से निर्मित पिटलाइन को शुरू कराने के साथ ट्रेनों को मालगाडियों की दया पर न छोडने की बात भी कही। सांसद ने कोरबा के मुद्दे को लेकर कहा कि आखिर यहां पर फ्लैगशिप योजना के तहत बनाई गई पिटलाइन को शुरू करने में क्या दिक्कत है। जब तक पिटलाइन पूरी तरह सक्रिय नहीं होगी तब तक नई यात्री ट्रेनें कैसे शुरू होगी। उनका कहना था कि सरकार वंदे भारत के विज्ञापन पर करोड़ों खर्च कर रही है और कोरबा में आम आदमी को लोकल गाड़ी के लिए 4-4 घंटे प्रतिक्षा करनी पड़ रही है। उन्होंने गेवरा-पेण्ड्रा रेल कॉरिडोर का काम 10 साल बाद भी पूरा न होने पर सवाल खड़े किए। कोरबा से कटनी मार्ग पर एक भी सीधी गाड़ी न होने और कोरबा राउरकेला के बीच बने रेल ट्रैक पर 5 साल में मालगाडियों के संचालन के बावजूद यात्री गाड़ी की कमी पर भी सवाल खड़े किए और कहा कि क्या यहां के लोगों को रेल यात्रा का अधिकार नहीं है।

सांसद ने चाम्पा, सक्ती स्टेशन पर गीतांजलि व अहमदाबाद एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की। उन्होंने कोरबा क्षेत्र की जनता को हो रही परेशानी के मसले को लेकर कहा कि स्थिति यह है कि मालगाडियों के लिए यात्री ट्रेनें घंटों लेट कर दी जाती है। क्या सरकार भूल गई है कि रेल लोक कल्याणकारी सेवा है न कि केवल कॉमर्शियल लोडिंग कंपनी। जब अमृत भारत स्टेशन बनाए जा रहे है और नई पटरियां बिछाई जा रही है तो फिर यात्री ट्रेनों का वास्ता इनसे क्यों नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी मांग रखी कि कई महत्वपूर्ण ट्रेनें जैसे नर्मदा एक्सप्रेस, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस और तिरूपति एक्सप्रेस बिलासपुर आकर ठहर जाती है। इनका विस्तार कोरबा तक करने में कोई समस्या नहीं है। इससे यात्रियों को और रेलवे को दोनों को फायदा होगा।

# आधी आबादी लीडरशीप कर रही बालको में

**कोरबा ।** भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी, वेदांता एल्युमीनियम ने कोरबा स्थित अपने भारत एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) यूनिट में पहली बार महिला क्रेन ऑपरेटर्स की टीम तैनात की है। यह पहल देश के सबसे उन्नत तकनीक-संचालित स्मेल्टर वातावरणों में से एक में महिलाओं को प्राथमिकता देने वाले संचालन मॉडल को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कुल 30 महिलाओं को तैनात किया गया है, जिनमें 10 बीम-रेज़िंग ऑपरेटर और 20 पीटीएम पायलट शामिल हैं। यह तैनाती बाल्को के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो उसके 'मिलियन टन क्लब' में शामिल होने के साथ मेल खाती है।

इन पायलट्स ने एक कठोर प्रशिक्षण प्रक्रिया से गुजरते हुए अपनी क्षमता विकसित की है, जिसमें क्लासरूम ट्रेनिंग, सिमुलेटर सत्र और काम के दौरान चरणबद्ध व्यावहारिक अनुभव शामिल है। अब ये महिलाएँ पॉट रूम के महत्वपूर्ण कार्य संभाल रही हैं,



जैसे एनोड बदलना, कवरिंग करना, पिघले हुए एल्युमीनियम का टैपिंग (निकालना) और बीम उठाना। ये सभी काम इलेक्ट्रोलाइटिक रिडक्शन सेल्स को तय मानकों के भीतर बनाए रखते हैं, जिससे स्थिर और लगातार धातु उत्पादन सुनिश्चित होता है। इसके अलावा, सभी पॉटलाइन में होने वाली बीम-रेज़िंग गतिविधियाँ अब महिलाओं के नेतृत्व में की जा रही हैं और हर रूम में महिलाओं को बीम उठाने के प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

इस विकास पर टिप्पणी करते हुए, राजीव कुमार, सीईओ, वेदांता एल्युमीनियम, ने कहा, 'ऑटोमेशन और उन्नत तकनीकें हमारी सभी यूनिट्स में आधुनिक एल्युमीनियम संचालन के तरीके को बदल रही हैं। यह बदलाव एक नई पीढ़ी के उच्च कौशल वाले पेशेवरों के लिए महत्वपूर्ण, तकनीक-आधारित भूमिकाओं में आगे आने के अवसर पैदा कर रहा है।

वेदांता एल्युमीनियम में हमें गर्व है कि महिलाएँ हमारे संचालन में इन विशेष भूमिकाओं को आत्मविश्वास के साथ निभा रही हैं। बाल्को में यह उपलब्धि भविष्य के लिए तैयार कार्यबल बनाने के साथ-साथ मुख्य उत्पादन कार्यों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।'

## मैं अनिकेत हूं- नाटक का मंचन 19 मार्च को कोरबा में

### इस चैरिटी शो की राशि का उपयोग होगा मेधावी छात्रों के लिए

**कोरबा ।** रोटरी क्लब और महाराष्ट्र मंडल कोरबा मिलकर 19 मार्च की शाम- में अनिकेत हूं, नामक नाटक का मंचन कर रहा है। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में यह आयोजन होगा। कोरबा जिले के मेधावी छात्रों की शिक्षा में आने वाली समस्या के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना इसका उद्देश्य है। स्थानीय मीडिया के साथ प्रेस क्लब में आयोजन संस्था की ओर से बातचीत की गई। महाराष्ट्र मंडल के पदाधिकारी हेमंत माहुलिकर ने बताया कि नाटक का मंचन विशेष उद्देश्य से किया जा रहा है। रंगमंच के कलाकारों को बढ़ावा देना और इस चैरिटी शो के माध्यम से प्राप्त होने वाली राशि का उपयोग मेधावी छात्रों की सहायता में किया जाएगा। महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष हेमंत ने बताया कि कोरबा जिले में रंगमंच से लोगों को साक्षात्कार कराना भी एक उद्देश्य है। एक अच्छी विद्या को लोग देख सकेंगे। हेमंत ने बताया कि उच्च स्तरीय कलाकारों के द्वारा इस नाटक का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोटरी क्लब के पदाधिकारी पारस जैन, महाराष्ट्र मंडल के प्रवीण जाखड़ी और अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

## श्रीरामकृष्ण नाम जप सप्ताह महायज्ञ 3 अप्रैल से शुरू होगा

**बाराद्वार।** स्थानीय श्रीराम मंदिर परिसर में 3 से 11 अप्रैल तक अखण्ड श्री रामकृष्ण नाम जप सप्ताह महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारियां प्रारंभ हो गई है। 3 अप्रैल को शाम 4 बजे गाजे बाजे के साथ सैकड़ों महिलाओं की अगुवाई में कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करते हुए राम मंदिर पहुंचेगी।

## सड़क पर घूम रहे मवेशी, हादसे का डर



**जांजगीर।** शहर की सड़कों पर मवेशी खुले में घूम रहे हैं, जिससे हादसों का खतरा लगातार बना हुआ है। कई स्थानों पर मवेशी पॉलिथीन खाते हुए नजर आ रहे हैं, जिससे उनके बीमार पड़ने की आशंका भी बढ़ रही है। इसके बावजूद मवेशियों के संरक्षण और व्यवस्थापन के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जा रही है।

# सड़क हादसे में महिला की मौत से नाराज लोगों ने शव रखकर सड़क पर किया चक्काजाम

**अकलतरा-जांजगीर।** मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम बनाहिल मोड़ के पास मंगलवार दोपहर पिकअप की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा युवक घायल हो गया। उसे बिलासपुर रेफर किया है।

हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने वाहन चालक पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग को लेकर शव सड़क पर रख चक्काजाम कर दिया। शाम 6 बजे 50 हजार मुआवजा राशि देने के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। वहीं रोजगार और आबकारी विभाग की कार्रवाई की निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन भी दिया है। नगर पंचायत नरियरा के वार्ड-14 निवासी सलमा धृतलहरे के घर सुबह आबकारी विभाग की टीम ने दबिश दी। जांच के बाद टीम पति मुन्ना धृतलहरे को जिला कार्यालय जांजगीर ले गई। वहां से टीम ने सलमा धृतलहरे को कॉलकर कागजात और रकम लाने कहा, ताकि पति को छोड़ा जा सके। इस पर सलमा धृतलहरे दोपहर 12.45 बजे पड़ोसी गोलू टंडन के साथ बाइक पर जांजगीर जाने के लिए निकली थी। दोपहर 1 बजे बनाहिल बस स्टैंड के पास नरियरा मोड़ पर पिकअप के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।



हादसे में बाइक के पीछे बैठी सलमा सड़क पर जा गिरी और उसके सिर में गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई। बाइक चला रहे गोलू को गंभीर चोट आई। घायल को सीएचसी अकलतरा के बाद सिम्स बिलासपुर रेफर किया। इधर आक्रोशित लोगों ने मौके पर सड़क पर शव रखकर चक्काजाम किया। हादसे की सूचना पर मुलमुला थाना प्रभारी पारस पटेल मौके पर पहुंचे। वार्ड पार्षद भवानी सिंह ने कहा जिला प्रशासन आबकारी विभाग के कर्मचारियों को तत्काल निलंबित करें, उचित मुआवजा दे और परिवार के लोगों को पावर प्लांट में नौकरी दी जाए। इधर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी चालक को पकड़ लिया है। चालक की ओर से पीड़ित परिवार को 50 हजार रुपए का मुआवजा दिया गया है। वहीं प्रशासन की ओर से भी 25 हजार रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। बनाहिल-अकलतरा के बीच बड़े- बड़े क्रशर और प्लांट होने से इस सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही अधिक है। 7 किमी लंबी सड़क इतने भारी दबाव के अनुरूप नहीं है। सड़क को बने 50 साल हो चुके हैं। चौड़ाई भी कम है। यह रोड रायगढ़-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को पामगढ़, शिवरीनारायण, अकलतरा ब्लॉक मुख्यालय, नगर पंचायत नरियरा व ग्राम मुलमुला और सोनसरी से जोड़ता है। वर्तमान में सड़क की स्थिति काफी खराब है। इस सड़क पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद मरम्मत और चौड़ीकरण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। सड़क पर आखिरी बार डामरीकरण 2022 में किया गया था। इसके बाद से केवल बजरी डालकर अस्थायी व्यवस्था की जा रही है, जिससे समस्या और बढ़ती जा रही है।

चक्का जाम के चलते लोग हुए परेशान, लग गई कतार महिला की मौत के बाद लोगों ने दोपहर करीब 1 बजे सड़क पर चक्काजाम करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। चक्काजाम और प्रदर्शन के कारण पामगढ़, नरियरा और अकलतरा आने-जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान कई वाहन चालक काफी देर तक जाम में फंसे रहे। वहीं कई लोगों को वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेना पड़ा।

## ब्रम्हकुमारीज ने महिलाओं का किया सम्मान



**मुलमुला।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर में प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय मुलमुला ने महिला दिवस मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शांता कश्यप रेंजर अधिकारी बिलासपुर, पुष्पलता सन्नी यादव जनपद सदस्य जनपद पंचायत पामगढ़, संतोषी सिंह अध्यक्ष महिला मोर्चा जांजगीर चांपा, रंजना सिंह कोषाध्यक्ष वेल विशर फाउंडेशन अकलतरा, सीता टंडन उपस्थित रहे। अतिथियों का सम्मान किया गया। बीके हेमा दीदी ने परमात्मा आत्मा का परिचय और बीके शारदा दीदी कमेंट्री द्वारा परमात्मा अनुभूति करवाई। उषा बहन के द्वारा संस्था का परिचय दिया। पूजा बहन ने मंच संचालन किया। वंदना, कौशल्या ने आभार व्यक्त किया।

## हिंदू नववर्ष पर शोभायात्रा व दिव्य प्रेत दरबार का आयोजन

**सक्ती।** सक्ती जिले के मुख्यालय में 19 मार्च, गुरुवार को सुबह 10 बजे हिंदू नववर्ष के अवसर पर भव्य शोभायात्रा और दिव्य प्रेत दरबार का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सर्व सनातनी हिंदू व धर्म जागरण समन्वय धर्म सेना, प्रांत सक्ती के नेतृत्व में संपन्न होगा। शोभायात्रा का शुभारंभ सिद्ध हनुमान मंदिर (थाना परिसर, सक्ती) से किया जाएगा। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर नवधा चौक, हटरी, बुधवारी बाजार चौक, दुल्हन साड़ी, हॉस्पिटल चौक होते हुए गौरव पथ स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार (सामुदायिक भवन) में समाप्त होगी। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से सामुदायिक भवन में स्वागत और उद्बोधन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन स्थल पर दिव्य प्रेत दरबार भी लगाया जाएगा।

## बनाहिल में नई तकनीक से 3 पुराने बोर को संजीवनी

**जांजगीर।** विकासखंड अकलतरा के बनाहिल में लंबे समय से चले आ रहे पेयजल संकट को दूर करने हाइड्रो फ्रेक्चर तकनीक पर आधारित यूनिसेफ की मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। पिछले दिनों गर्मी में पानी की किल्लत से परेशान ग्रामीणों ने कलेक्टर से गुहार लगाई थी।

पीएचई ने जल स्त्रोतों में घटते स्तर को देखकर हाइड्रो फ्रेक्चर तकनीक के जरिए नलकूपों को पुनर्जीवित करने का निर्णय लिया है। इसके तहत 15 मार्च को यूनिसेफ की मशीन की मदद से कांतिपारा तिरुपति के घर और पामगढ़ रोड पर यात्री प्रतीक्षालय के पास हैंडपंपों में कार्य किया गया। इसका परिणाम सकारात्मक रहा। इस प्रक्रिया से नलकूपों की जल आवक क्षमता में वृद्धि हुई है। पंचायत भवन के पास 15 एलपीएम पानी मिलने वाला हैंडपंप अब 31 एलपीएम पानी दे रहा है। वहीं 24-25 मीटर तक पर्याप्त जल स्तर बना हुआ है। बनाहिल की आबादी लगभग 1629 है और यहां 17 हैंडपंप हैं। शेष हैंडपंपों में भी हाइड्रो फ्रेक्चर तकनीक से जल स्त्रोतों को



पुनर्जीवित करने का काम जारी है। पीएचई के अनुसार जिन तीन नलकूपों पर तकनीक लागू की गई, वे पूरी तरह सफल रहे हैं। इनमें पामगढ़ रोड के प्रतीक्षालय के पास, क्रांति पारा के तिरुपति घर के पास और राम भरोसे घर के पास हैंडपंप शामिल हैं। यह तकनीक खासतौर पर कठोर चट्टानी क्षेत्रों में कारगर मानी जाती है और पुराने हैंडपंपों को पुनर्जीवित करने में मदद करती है। तकनीक हैंडपंपों के लिए लगभग 90 फीसदी कारगर है। गहरे बोर में भी पानी का प्रवाह शुरू हो गया है, जिससे जल स्तर स्थिर रहेगा। ट्कार्यपालन अभियंता आदित्य प्रताप ने बताया कि पंचायत भवन के पास का हैंडपंप पहले 5-6 एलपीएम पानी दे रहा था, अब यह 23 एलपीएम तक पानी देने लगा है। इसी तरह अन्य हैंडपंपों में भी पानी की आपूर्ति बढ़ी है। पुराने नलकूपों को पुनर्जीवित करना न केवल खर्च और समय बचाता है, बल्कि गर्मी में पानी की चिंता भी नहीं करनी पड़ती।

## राष्ट्र निर्माण व पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई

**बाराद्वार।** बाराद्वार के मंगल भवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार को युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 18 से 35 वर्ष के युवाओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इसे दो सत्रों में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता मोहन मांझी थे और अध्यक्षता जगेश राय ने की। इस दौरान युवाओं को समाज में उनकी भूमिका और पंच परिवर्तन के संकल्प के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। द्वितीय सत्र में पुष्पेंद्र चंद्रा मुख्य वक्ता थे और अध्यक्षता अजय यादव ने की। उन्होंने युवाओं से पर्यावरण संरक्षण, व्यसन से दूर रहने और समाज के उत्थान में भाग लेने का संदेश दिया।

## राजधानी रायपुर में आयोजित मनरेगा बचाओ संग्राम रैली में शामिल हुए सक्ति के कांग्रेसजन



**सक्ती।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर राजधानी रायपुर के शंकर नगर में मनरेगा बचाओ संग्राम रैली आयोजित किया गया था जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत,पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,पूर्व उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव एवं कांग्रेस के पूर्व विधायक,विधायक गण एवं पदाधिकारी गण तथा भारी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे ।उक्त कार्यक्रम में सक्ति शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश राठौर के नेतृत्व में घनश्याम देवांगन, राकेश महंत, देवेंद्र राठौर, संतोष सोनी लाला, रघुनाथ अग्रवाल कालू, आमिर अग्रवाल भुरू,जीवेंद्र पिंटू राठौर एवं विजय बहादुर गहरवाल सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए ।

## सरकारी तालाब से पानी चोरी पर भड़के लोग

**अकलतरा।** अकलतरा नगर के वार्ड क्रमांक 19 स्थित शासकीय गोपिया तालाब को बिना अनुमति जेसीबी मशीन से तोड़कर पानी की अवैध निकासी करने का मामला सामने आया है। इस घटना ने नगर पालिका और जनप्रतिनिधियों की चिंता बढ़ा दी है। मामले को लेकर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर राणा सहित अन्य पार्षदों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर राणा ने बताया कि 16 मार्च की रात कुछ लोगों द्वारा जेसीबी मशीन की मदद से तालाब को तोड़कर पानी बहाने का प्रयास किया जा रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित वार्ड के पार्षद मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को सूचित किया। इसके बाद तत्काल हस्तक्षेप कर पानी की निकासी को रोका गया। उन्होंने बताया कि यह पहली बार नहीं है, इससे पहले 26 जनवरी को भी तालाब को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया था। उस समय नगर पालिका और पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन इसके बावजूद दोबारा ऐसी घटना होना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। वार्ड 19 के पार्षद देवनारायण बरेठ ने कहा कि गोपिया तालाब नगर के चार से पांच वार्डों के लोगों के लिए महत्वपूर्ण जल स्त्रोत है। विशेष रूप से गर्मी के मौसम में इस तालाब का पानी निस्तारी कार्यों के लिए बेहद जरूरी होता है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्षद सुभद्रा साहू, सुनीता सिंह, राजकुमार अग्रवाल, मुरलीधर मिश्रा, सुरेश मिर्चनय, विजय खांडेल, कमलेश वैष्णव, राजकुमार सिंह और संतन सिन्हा भी उपस्थित रहे।

**न्यायालयः- प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

// ज्ञापन //

प्रोसेस क्र69 -/2026
आदेश दिनांक -26/02/2026
पेशी दिनांक - 28/03/2026

1. धनवती पत्नि स्व-राजेंद्र प्रसाद जाति पनिका उम्र करिब 35 वर्ष
2. रानी आ.स्व-राजेंद्र प्रसाद जाति पनिका उम्र करिब 16 वर्ष
3. राजकुमार स्व-राजेंद्र प्रसाद जाति पनिका उम्र करिब 14 वर्षा

वादी नं. 02 एवं 03 नाबालिग द्वारा वली एवं नैसर्गिक संरक्षक माता धनवती पत्नि स्व. राजेंद्र प्रसाद तीनों निवासी विवेकानंद कालोनी चरचा तहसील बैंकुठपुर जिला कोरिया हाल मुकाम ग्राम बुलाकीटोला, पोस्ट केल्हारी जिला एम.सी.बी. छ.ग.।.............आवेदक गण

प्रति

1. श्रीमान मुख्य महाप्रबंधक, महोदय एसईसीएल बैकुण्ठपुर क्षेत्र थाना एवं तह. बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग.।
2. श्रीमान उपक्षेत्रीय प्रबंधक ईस्ट चरचा कॉलरी एसईसीएल बैकुण्ठपुर क्षेत्र थाना एवं तह. बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग.।
3. हिरन देवी तथा कथित रखैल पत्नि एवं राजेंद्र प्रसाद उम्र करीब 42 वर्ष निवासी विवेकानंद कालोनी माईनस क्वाटर नं. 1281 चरचा तहसील बैंकुठपुर थाना चरचा कालरी जिला कोरिया छ.ग.।
4. सर्व साधारण .............. अनावेदक गण

उत्तराधिकारी प्रकरण क्रमांक/रजिस्ट्रेशन क्रमांक

की शाखा में जमा राशि को मय ब्याज प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है और आवेदन पत्र की सुनवाई पेशी तारीख 28.03.2026 को दिन के ठीक 11.00 बजे होगी।

आवेदकगण ने अनावेदकगण के विरूद्ध अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम वास्ते मृतक राजेंद्र प्रसाद आत्मज स्व. रामचरण पनिका, निवासी चरचा कालरी तहसील-बैकुठपुर जिला-कोरिया छ.ग. के नाम पर अनावेदगण की शाखा में जमा राशि को मय ब्याज प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है और आवेदन पत्र की सुनवाई पेशी तारीख 28.03.2026 को दिन के ठीक 11.00 बजे होगी।

अतः आपको ताकिद सूचनार्थ करते है कि आपको मुतलफिक की जायदाद में हक हासिल हो तो ऐसा दावा रखते है कि आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त तारीख को हक के कैफियत के साथ हाजिर हो। फिर भी आप उक्त दिनांक को हाजिर नहीं हुए तो उस आवेदन की सुनवाई आपकी गेर हाजिरी में की जावेगी। यदि उक्त तारीख को न्यायालय अवकाश रहता है तो अगले न्यायालयीन कार्य दिवस पर आवेदन की सुनवाई की जावेगी। आज दिनांक 12.03.2026 को न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया है।

सील

**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

## 16 हजार तक का बिजली बिल, एसडीएम से शिकायत

**रायगढ़।** ग्राम पंचायत पुटुकछार के आश्रित ग्राम धौराभांठा में पंडो समुदाय के 35 परिवार निवास करते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कई वर्षों से उन्हें बिजली का बिल नहीं मिला था, जिससे उन्हें लगा कि शासन की किसी योजना के तहत उन्हें निशुल्क बिजली मिल रही है। लेकिन इस साल विभाग ने अचानक 11 हजार से लेकर 16 हजार रुपए तक के बिल भेज दिए। रोजमर्रा की जरूरतों के लिए संघर्ष करने वाले इन परिवारों के लिए इतनी बड़ी राशि चुकाना नामुमकिन है। अपनी व्यथा लेकर धरमजयगढ़ पहुंचे ग्रामीणों ने एसडीएम को आवेदन सौंपकर बिल में 70 से 80 प्रतिशत तक की छूट देने की मांग की है।

# 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा माह पर व्हीएलसीटीपीपी में अनेक कार्यक्रम

**सिंघीतराई, सक्ती।** वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्लांट (व्हीएलसीटीपीपी) ने 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा माह के अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए। शून्य दुर्घटना की उपलब्धि के साथ वित्तीय वर्ष 2026 में व्हीएलसीटीपीपी ने औद्योगिक सुरक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा माह के अंतर्गत इस वर्ष की थीम है - ''उन्नत सुरक्षा के लिए लोगों को संलग्न करें, शिक्षित करें और सशक्त बनाएं।'' थीम के अंतर्गत व्हीएलसीटीपीपी संयंत्र परिसर में आयोजित समारोह का उद्घाटन वेदांता पावर बिजनेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजिंदर सिंह आहूजा ने किया। व्हीएलसीटीपीपी और बिजनेस पार्टनर के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों ने सुरक्षा शपथ ली। श्री आहूजा ने सुरक्षा ध्वज फहराया। इस अवसर पर संयंत्र परिसर में सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई।

श्री आहूजा ने अपने उद्बोधन में कहा कि ''सुरक्षा वेदांता की प्राथमिकता है। हमारी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि संयंत्र में कार्यरत हर व्यक्ति प्रतिदिन सुरक्षित रूप से अपने परिवार के पास घर लौटे। सुरक्षा की भावना के साथ व्यक्ति आत्मविश्वास के साथ बेहतर नतीजे दे पाते हैं। 'शून्य क्षति' और 'शून्य चोट' की कार्य संस्कृति हमारा केंद्रीय मूल्य है जिससे हमें निरंतर दिशा मिलती है। वित्तीय वर्ष 2026 में हमारे समस्त प्रचालनों में शून्य दुर्घटना लक्ष्य की प्राप्ति सुरक्षा प्रथम कार्य संस्कृति के प्रति हमारी कटिबद्धता का द्योतक है।'' उन्होंने बताया कि, ''इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा माह की थीम के अनुरुप हमने अपने प्रबंधन, कर्मचारियों, बिजनेस पार्टनर और




उनके परिवारजनों, प्रचालन क्षेत्रों के आसपास स्थित गांवों और स्कूलों को सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से शामिल किया है। हम मानते हैं कि जागरूकता या कौशल की कमी से जोखिम पैदा हो सकते हैं इसलिए असुरक्षित कार्यशैली के प्रति जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते हैं। हम अपने कर्मचारियों और बिजनेस पार्टनर को सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने के लिए सशक्त बनाते हैं। इसके अंतर्गत किसी असुरक्षित कार्य को 'मना करने का अधिकार' (राइट टू रीफ्यूज) भी शामिल है। वेदांता में हम ऐसी कार्य संस्कृति के विकास पर निवेश करते हैं जहां सुरक्षा का पालन कार्यस्थल और बाहर दोनों जगह किया जाता है। यह ऐसा मूल्य है जिसे वेदांता परिवार के सदस्य व्यक्तिगत और पेशेवर जिंदगी में प्रोत्साहित करते हैं।''

इस अवसर पर व्हीएलसीटीपीपी के मुख्य प्रचालन अधिकारी देवेंद्र कुमार पटेल ने कहा कि ''औद्योगिक सुरक्षा पर हम आत्मनिरीक्षण करें और देखें कि उद्योग में सुरक्षित कार्य शैली की मजबूती की दिशा में हमारा क्या योगदान है। किसी भी कार्य को करने के दौरान शॉर्टकट न अपनाएं। हम पूरी ईमानदारी से सुरक्षा मानदंडों का पालन करें। जागरूकता के साथ ऐसी कार्य संस्कृति विकसित करें जिससे हमें किसी सुपरविजन की जरूरत ही न पड़े। एकजुट होकर कार्य करते हुए हम शून्य क्षति का लक्ष्य प्राप्त करें। अपने साथ ही सभी की सुरक्षा की जिम्मेदारी को महसूस करें और अमल में लाएं। हम अपने कार्य में उत्तरोत्तर सुधार के लिए प्रशिक्षण लें। नई तकनीकें सीखने के प्रति जिज्ञासा रखें।

राष्ट्रीय सुरक्षा माह के दौरान व्हीएलसीटीपीपी संयंत्र परिसर में सुरक्षा प्रश्नोत्तरी स्पर्धा, श्रेष्ठ बिजनेस पार्टनर पुरस्कार तथा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। आसपास के समुदायों में सुरक्षा कुटुंब तथा कर्मचारियों और उनके परिवारजनों की जागरूकता के लिए 'कौन बनेगा सेफ्टी चैंप' प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

व्हीएलसीटीपीपी के औद्योगिक सुरक्षा के अंतर्गत जोखिमपूर्ण कार्यों के लिए सख्त परमिट प्रोटोकॉल, अनुशासित प्रचालन प्रक्रियाएं एवं निगरानी शामिल हैं ताकि घटनाओं के होने से पहले ही जोखिम की पहचान कर उसे ठीक किया जा सके। कर्मचारी और बिजनेस पार्टनर नियमित सुरक्षा संगोष्ठियों में हिस्सा लेते हैं। प्रोएक्टिव रिस्क कंट्रोल के जरिए शून्य क्षति का लक्ष्य पाने पर ध्यान दिया जाता है। जोखिमपूर्ण प्रक्रियाओं की निगरानी क्रिटिकल रिस्क मैनेजमेंट (सीआरएम) के तहत की जाती है। शॉप-फ्लोर विजिट के जरिए विजिबल फेल्ट लीडरशिप सुनिश्चित किया जाता है। फ्रंटलाइन अकाउंटेबिलिटी के लिए पर्सनल सेफ्टी एक्शन प्लान मौजूद है। निरंतर चौबीस घंटे की औद्योगिक सुरक्षा के लिए नाइट ड्यूटी ऑफिसर सिस्टम लागू है। एआर-व्हीआर आधारित डिजिटल सेफ्टी ट्रेनिंग और मानसिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए मेंटल वेलनेस पहलों के जरिए सुरक्षा संस्कृति को मजबूती दी जाती है।

**वेदांता पावर के बारे में:**

वेदांता समूह भारत के सबसे बड़े निजी थर्मल ऊर्जा उत्पादकों में से एक है, जिसके पास 12,000 मेगावाट से अधिक थर्मल पावर उत्पादन करने की क्षमता है। देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने और उत्पादन में केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए वेदांता पावर समर्पित है। वेदांता पावर के प्लांट मानसा, पंजाब (तलवंडी साबो पावर लिमिटेड), सिंघीतराई, छत्तीसगढ़ (वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्लांट), तिरुपति, आंध्र प्रदेश (मीनाक्षी एनर्जी लिमिटेड) और झारसुगुड़ा, ओडिशा (झारसुगुड़ा आईपीपी प्लांट) स्थित हैं। इन संयंत्रों की कुल स्थापित क्षमता 4,780 मेगावाट है, जो देश भर में विभिन्न डिस्कॉम, उपयोगिताओं और उद्योगों को ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं।

## छत्तीसगढ शासन वन विभाग सामान्य वन मंडल धरमजयगढ़ (छ.ग.)

### ई-नीलाम विज्ञापन

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि वन मंडल धरमजयगढ़ के काष्ठागार धरमजयगढ़ में उपलब्ध ईमारती एवं जलाऊ लकडी का दर्शित तिथि समय में ई-नीलाम किया जावेगा।

1. ई-नीलाम दिनांक - 23.03.2026        2. ई-नीलाम समय प्रातः- 09. 00 बजे से प्रारंभ

| अ. क. | प्रजाति | नया वनोपज | | पुराना वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा घ.मी. में | बल्ली नग में | लट्ठा घ.मी. में | बल्ली नग में | लट्ठा घ.मी. में | बल्ली नग में |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सागौन | 0 | 0 | 129.971 | 0 | 129.971 | 0 |
| 2 | साल | 420.000 | 500 | 2641.983 | 2966 | 3061.983 | 3466 |
| 3 | बीजा | 5.000 | 0 | 161.536 | 0 | 166.536 | 0 |
| 4 | खम्हार | 0 | 0 | 0.932 | 0 | 0.932 | 0 |
| 5 | साजा | 10.000 | 105 | 71.542 | 860 | 81.542 | 965 |
| 6 | हल्दू | 0 | 0 | 19.782 | 0 | 19.782 | 0 |
| 7 | घावड़ा | 5.000 | 78 | 11.403 | 131 | 16.403 | 206 |
| 8 | सलिहा | 0 | 0 | 7.915 | 0 | 7.915 | 0 |
| 9 | अन्य | 8.000 | 0 | 276.665 | 1574 | 284.665 | 1574 |
| 10 | आर.टी.एल | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **योग : -** | **448.000** | **683** | **3321.729** | **5531** | **3769.729** | **6214** |
| 11 | जलाऊ | 583 चट्टा | | 3052 चट्टा | 0 | 3635 चट्टा | 0 |

अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे ई-नीलाम में भाग लेवें। ई-नीलाम की शर्ते व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय में डिपो से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त मात्रा में कमी अधिकता संभव है।

वनमण्डलाधिकारी
धरमजयगढ़ वन मंडल

जी- 252607215/10

## जनगणना में लोगों की गिनती के लिए बनाए गए इस बार कई मापदंड, कई तरीके से मिलेगा डाटा

**जांजगीर।** एसआईआर के बाद अब जनगणना की तैयारी शुरू हो गई है। पहले चरण में 1 से 30 मई के बीच जिले के हर मकान और भवन का सूचीकरण किया जाएगा। इस दौरान कुल 33 सवालों के माध्यम से व्यक्तिगत और पारिवारिक जानकारी ली जाएगी।

जवाब पूछकर पोर्टल पर अपलोड करेंगे। खास बात यह है कि परिवार की गणना चूल्हे और निकासी द्वार के आधार पर भी की जाएगी। यानी घर में जितने चूल्हे होंगे, उतने परिवार दर्ज किए जाएंगे। यदि एक मकान में 50 लोग रहते हों लेकिन चूल्हा एक ही हो, तो परिवार की संख्या एक ही मानी जाएगी। सिर्फ लोगों की संख्या ही नहीं, बल्कि घर की बनावट से जुड़ी जानकारी भी दर्ज होगी। जैसे घर की फर्श मिट्टी की है या टाइल्स और



ग्रेनाइट की, दीवार और छत किस सामग्री की बनी है, घर में कितने कमरे हैं, कितने विवाहित दंपति रहते हैं, इन सभी सवालों के जवाब लिए जाएंगे। मकानों की गिनती के साथ लोगों से 33 सवालों। जनगणना में लोगों की जीवन-शैली, रहने की स्थिति और सामाजिक-आर्थिक हालात का सटीक आंकड़ा लिए जाएंगे। सेल्फ एन्यूमरेशन पोर्टल खोलने पर राज्य का नाम, जिला का नाम, घर के मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी डालना होगा। इसके बाद आपके मोबाइल पर ओटीपी आएगा। इसके वेरिफाई होने पर आपकी लॉगिंग होगी। इसके बाद जिला, विकासखंड, गांव और शहरी क्षेत्र में शहर का नाम, वार्ड नंबर, मोहल्ला, पिनकोड भरना होगा। इसके बाद गूगल मैप से घर की तस्वीर सलेक्ट करनी होगी। दूसरे चरण में परिवार की जीवन-शैली से जुड़े सवाल भी शामिल होंगे। घर में रेडियो, टीवी, इंटरनेट, कंप्यूटर, मोबाइल या स्मार्टफोन है या नहीं, इसकी जानकारी ली जाएगी।

## जिले में दो क्लीनिक को सील किया प्रशासन ने

**सक्ती।** स्वास्थ्य विभाग ने अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। जिला प्रशासन ने दो ऐसे क्लीनिकों को तत्काल प्रभाव से बंद करवा दिया, जहां बिना वैध डिग्री और पंजीयन के मरीजों का इलाज किया जा रहा था।

इस कार्रवाई का नेतृत्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल और नर्सिंग होम एक्ट के नोडल अधिकारी डॉ. सुदर्शन भारद्वाज ने किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिले में शिकायतों और नियमित निरीक्षण अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में जांच की। जांच के दौरान स्टेशन रोड सक्ती स्थित एक मकान में बिना वैध डिग्री और पंजीयन के मरीजों का इलाज किया जा रहा था।इसी प्रकार, ग्राम टेमर क्षेत्र में भी अवैध तरीके से चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही थीं।

## अनमोल वचन......

**ज़िंदगी का सफ़र मानो तो मौज है वरना समस्या तो रोज है।**

# रैप म्यूजिक से बनाई पहचान

*पुराने दलों एवं नेताओं का मखौल उड़ाना और उन्हें देश की समस्याओं की जड़ बताना बालेंद्र शाह के रैप गानों का थीम रहा। इस तरह उन्होंने जन भावनाओं को आवाज दी। असर हुआ कि लोगों ने उनको ही समाधान मान लिया है।*

*नेपाल के चुनाव नतीजों से साफ है कि वहां के लोग पुरानी पार्टियों और नेताओं से कितने आजिज़ आ चुके थे। नेपाली कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल), और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को उन्होंने सिरे से ठुकरा दिया है। अब उन्होंने अपना दांव ऐसे नेता पर लगाया है, जिन्होंने अपनी पहचान रैप म्यूजिक से बनाई और उसी माध्यम से राजनीति में लोकप्रिय हुए। बालेंद्र शाह पहले अपने दम पर काठमांडू के मेयर बने और अब पिछले सितंबर की उथल-पुथल के बाद हुए चुनाव में लोगों की उम्मीद का सबसे बड़ा प्रतीक बन कर उभरे हैं। शाह के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) नेपाल के हालिया इतिहास की सबसे बड़ी जीत हासिल करने में कामयाब हुई है। शाह ने चुनाव अभियान भी रैपर के बतौर चलाया। पुराने दलों और नेताओं का मखौल उड़ाना और उन्हें देश की तमाम समस्याओं की जड़ बताना उनके रैप गानों का थीम रहा है। इस तरह उन्होंने लोगों के भावनाओं को आवाज दी। असर हुआ कि लोगों ने उनको ही समाधान मान लिया है। मगर चाहे राजनीतिक संस्कृति से जुड़ी समस्याएं हों या ठोस आर्थिक मसले- उनका समाधान रैप अथवा किसी संगीत से नहीं निकल सकता। इसके लिए ठोस कार्यक्रम एवं योजनाओं की जरूरत होगी। इस मामले में शाह के पास कोई सोच या नजरिया है, इसका कोई संकेत उन्होंने नहीं दिया है। बल्कि वे एक ऐसी पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के बतौर जीते हैं, जिसके नेता पर भ्रष्टाचार के इतने गंभीर आरोप हैं कि जेन-जी विद्रोह के पहले तक वे जेल में थे। अपनी खराब छवि के कारण ही रवि लामिछाने ने शाह को पार्टी का चेहरा बनाया। ये दांव कामयाब रहा। लेकिन आगे का रास्ता कठिन है। आरएसपी की सरकार को मतदाताओं की ऊंची उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। बेरोजगारी, युवाओं के सामने अवसरहीनता, गरीबी और आम विकास की कसौटियों पर पिछड़ापन वे समस्याएं हैं, जिनका समाधान नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियां नहीं ढूंढ पाईं। इसके लिए प्रयासरत होने के बजाय उनके नेता आलीशान जिंदगी जुटाने में लग गए। क्या आरएसपी उससे अलग संस्कृति और समाधान दे पाएगी, यह अब मुख्य प्रश्न है।*

## राशिफल

**मेष** राशि मंगलवार को मेष राशि वालों के लिए दिन ऊर्जा और उत्साह से भरा रहने वाला है। सुबह के समय नए कार्यों को शुरू करने की इच्छा प्रबल रहेगी और आत्मविश्वास भी बढ़ा हुआ महसूस होगा। सामाजिक गतिविधियों या किसी छोटे आयोजन में शामिल होने का अवसर मिल सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

**वृषभ** राशि के जातकों के लिए दिन थोड़ा उलझन भरा हो सकता है। कुछ काम अपेक्षा के अनुसार पूरे न होने से मन असंतुष्ट रह सकता है। कार्यस्थल पर दबाव अधिक महसूस होगा, जिससे मानसिक थकावट बढ़ सकती है। दोपहर के बाद परिस्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल होने लगेंगी और रुके हुए कामों में गति आएगी।

**मिथुन** राशि वालों के लिए यह दिन सक्रियता और संपर्कों से भरा रहेगा। पारिवारिक और व्यावसायिक दोनों मोर्चों पर व्यस्तता बनी रहेगी। कोई नया अवसर या जिम्मेदारी मिलने से उत्साह बढ़ेगा।

**कर्क** राशि के जातकों के लिए यह दिन जिम्मेदारियों से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में नए प्रयासों की शुरुआत हो सकती है, लेकिन शुरुआत में दिशा को लेकर असमंजस महसूस होगा। वरिष्ठों की सलाह लेने से स्थिति स्पष्ट होगी। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत रहेगी, खासकर बाहर की भागदौड़ से बचना बेहतर रहेगा।

**सिंह** राशि वालों के लिए दिन की शुरुआत कुछ भारीपन के साथ हो सकती है। मानसिक तनाव या चिंता के कारण एकाग्रता प्रभावित हो सकती है। दोपहर के बाद परिस्थितियों में सुधार आएगा और पारिवारिक माहौल सुखद बनेगा।

**कन्या** राशि के जातकों के लिए यह दिन संयम और धैर्य की मांग करेगा। नए कार्यों या लंबी यात्राओं को फिलहाल टालना बेहतर रहेगा। मानसिक रूप से आप अंतर्मुखी रह सकते हैं और आध्यात्मिक विषयों की ओर झुकाव बढ़ सकता है। कार्यक्षेत्र में जल्दबाजी या क्रोध से नुकसान हो सकता है, इसलिए संतुलित व्यवहार जरूरी रहेगा।

**तुला** राशि वालों के लिए मंगलवार का दिन सकारात्मक शुरुआत के साथ आएगा। नया काम शुरू करने या किसी योजना पर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। आर्थिक मामलों में लाभ के संकेत हैं और किसी अहम मीटिंग से फायदा हो सकता है। व्यापार विस्तार के लिए यात्रा की संभावना भी बन सकती है।

**वृश्चिक** राशि के जातकों के लिए यह दिन बौद्धिक गतिविधियों और योजनाओं में व्यस्त रहने वाला है। धन से जुड़े मामलों में समय अनुकूल है और व्यापार में लाभ मिलने की संभावना है। दोपहर के बाद मित्रों या रिश्तेदारों के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा।

**धनु** राशि वालों को मंगलवार को स्वास्थ्य और मानसिक स्थिति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी। मेहनत के बावजूद अपेक्षित परिणाम न मिलने से निराशा हो सकती है। यात्रा से बचना हितकर रहेगा। दोपहर के बाद परिस्थितियों में सुधार आएगा और ऊर्जा का स्तर बढ़ेगा। आर्थिक लाभ के संकेत हैं और घर से जुड़े किसी कार्य पर खर्च संभव है।

**मकर** राशि के जातकों के लिए यह दिन भावनाओं पर नियंत्रण रखने का है। जमीन-जायदाद या दस्तावेजों से जुड़े मामलों में सतर्कता जरूरी रहेगी। मानसिक चिंता बनी रह सकती है, इसलिए धैर्य से काम लें। संतान या परिवार से जुड़ी किसी बात को लेकर मन व्यस्त रहेगा। अधिकारियों या प्रशासन से बातचीत में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। यात्रा की योजना फिलहाल टालना बेहतर रहेगा।

**कुंभ** राशि वालों के लिए दिन नए विचारों और योजनाओं से भरा रहेगा। हालांकि किसी बड़े निर्णय को लेने से पहले रुककर सोचने की जरूरत होगी। कार्यस्थल पर पुराने अधूरे काम निपटाने पर ध्यान जाएगा। रचनात्मक या साहित्य से जुड़े लोगों के लिए समय अच्छा है। दोपहर के बाद परिस्थितियों में बदलाव आएगा, लेकिन मन में भ्रम बना रह सकता है।

**मीन** राशि के जातकों के लिए मंगलवार को आर्थिक मामलों में सतर्कता जरूरी रहेगी। खर्च बढ़ने से चिंता हो सकती है और आय बढ़ाने के नए विकल्पों पर विचार करेंगे। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा कड़ी रहेगी और विरोधी सक्रिय रह सकते हैं। वाणी और व्यवहार में संयम रखना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। स्वास्थ्य को नजरअंदाज करना नुकसान पहुंचा सकता है, इसलिए दिनचर्या पर ध्यान दें।

# पूरी दुनिया में भारत की भद्द पिटी

//हरिशंकर व्यास//

**भारत में शिक्षा की क्या स्थिति है और खास कर विज्ञान व प्रौद्योगिकी की शिक्षा में भारत कहां खड़ा है इसकी एक तस्वीर इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के एक्सपो में देखने को मिली। भारत सरकार के एनआईआरएफ यानी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेंमवर्क और निजी संस्थाओं की रैंकिंग में बहुत ऊपर स्थान हासिल करने वाले गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने अपने एक्सपो में एक रोबोडॉग प्रस्तुत किया। यूनिवर्सिटी की एक प्रोफेसर ने मीडिया के सामने कहा कि इसका नाम ओरायन है और इसे यूनिवर्सिटी के सेंटर ऑफ एक्सलेंस में तैयार किया गया है। लेकिन चंद घंटों में पता चलह कि वह रोबोडॉग चीन का बना हुआ है, जो दो से ढाई लाख रुपए की कीमत में बाजार में उपलब्ध है। उसी यूनिवर्सिटी ने कोरिया का बना एक ड्रोन भी अपना बना कर एक्सपो में पेश किया। ऐसा नहीं है कि यह काम सिर्फ एक यूनिवर्सिटी ने किया। बाकियों की जांच पड़ताल नहीं हुई या गलगोटिया यूनिवर्सिटी का मामला पहले खुल गया तो बाकी सावधान हो गए। अन्यथा यही स्थिति सभी निजी विश्वविद्यालयों की है। किसी के पास अपना एक इनोवेशन, अपनी एक तकनीक, अपना एक उत्पाद दिखाने के लिए नहीं है।**

एआई समिट में गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने जो किया उससे पूरी दुनिया में भारत की भद्द पिटी। चीन की वेबसाइट्स पर भारत का मजाक बनाया गया। भारत में भी कुछ मीडिया और वैकल्पिक मीडिया में इसका मजाक बना। लेकिन जल्दी ही नैरेटिव बदलने का खेल शुरू हो गया। बड़े बिजनेस अखबारों में छपने लगा कि गलगोटिया यूनिवर्सिटी एआई के रिसर्च पर साढ़े तीन सौ करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। सोचें, साढ़े तीन सौ करोड़ रुपए की रिसर्च का नतीजा यह है कि चीन का रोबोडॉग खरीदने का जुगाड़ हुआ और एक्सपो में डिसप्ले कर दिया गया!

सोचें, यह कितने शर्म की बात है कि, जो रोबोडॉग एक्सपो में दिखाय गया वह तकनीक का सबसे बेसिक मॉडल है। यह बैटरी और चाबी से चलने वाले बच्चों के खिलौने का विकसित रूप है। इस तरह के रोबोट दुनिया में कितने बरसों से बन रहे हैं, जो घरों में काम करते हैं। रेस्तरां में काम करने और भोजन आदि सर्व करने वाले रोबो वेटर कितने बरस पहले बन गए। अनमैन्ड ड्रोन कई तरह के काम कर रहे हैं। उसी तरह यह रोबोडॉग है, जो कुछ काम कर सकता है। दुर्गम इलाकों में जाकर तस्वीरें आदि खींच सकता है। यह सबसे बेसिक तकनीक है लेकिन देश की एक बड़ी निजी यूनिवर्सिटी, जिसकी ऊंची रैंकिंग है वहां के प्रोफेसर और छात्र उस तकनीक पर आधारित एक भी कोई प्रोडक्ट नहीं तैयार कर सके।

भारत में खुले आम एआई का नाम लेकर कैसे लोगों को मूर्ख बनाया जाता है यह उसका एक उदाहरण है। पिछले दिनों इसी तरह की एक घटना उत्तर प्रदेश में हुई थी, जहां एक शिक्षक ने किसी दुकान पर लगने वाले पुतले को लाकर उसे साड़ी पहना दी और सोफी नाम देकर एआई शिक्षक के तौर पर प्रस्तुत कर दिया। दावा किया कि सिर्फ 25 हजार रू में एआई शिक्षक बना दिया। उसके अंदर एक स्मार्ट फोन लगा हुआ था, जो सिरी या एलेक्सा से संचालित होने वाला था। छात्र सवाल पूछते थे तो कथित शिक्षिका सोफी जवाब देती थी। इसे उसने एआई शिक्षक कह कर पेश कर दिया और जिला प्रशासन से लेकर मीडिया तक में उसका गुणगान होने लगा। मीडिया में तो इसे लार्ज लैंग्वेज मॉडल यानी एलएलएम की तरह पेश किया गया। लेकिन जल्दी ही पता चल गया कि यह एआई शिक्षक नहीं, बल्कि स्मार्ट फोन के ऑपरेटिंग सिस्टम से सवाल जवाब करके लोगों को मूर्ख बनाने की तकनीक है। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में युवक ने जो किया उसी को थोड़ा अलग और बड़े रूप में गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने वैश्विक मंच पर पेश किया। यही भारत की असल हकीकत है। लोगों को बस नया जुमला मिलना चाहिए। लोग उसका इस्तेमाल करके बेवकूफ बनाना शुरू कर देते हैं।

भारत में तकनीकी शिक्षा की हकीकत समझनी है तो इन यूनिवर्सिटी के कामकाज को थोड़ी बारीकी से देखना होगा। गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने अकेले पिछले साल 13 सौ से ज्यादा पेटेंट के लिए अप्लाई किया। तीन निजी विश्वविद्यालयों ने एक एक हजार से ज्यादा पेटेंट अप्लाई किए थे। दूसरी ओर देश के सभी आईआईटी, जिनकी संख्या करीब 20 हो गई है, उन्होंने कुल आठ सौ के करीब पेटेंट अप्लाई किया। सोचें, सारे आईआईटी मिल कर एक निजी यूनिवर्सिटी के बराबर पेटेंट अप्लाई नहीं कर सके! यह अलग बात है कि गलगोटिया यूनिवर्सिटी का एक भी पेटेंट स्वीकार नहीं हुआ। जाहिर है जिस तरह से चीन का रोबोडॉग उन्होंने अंतरराष्ट्रीय आयोजन में पेश किया उसी तरह के पेटेंट भी होते होंगे। लेकिन इसका उनको फायदा मिलता है।

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने कॉलेज और यूनिवर्सिटी की रैंकिंग तय करने के लिए एनआईआरएफ के जो मानक तय किए हैं उसमें एक मानक यह है कि यूनिवर्सिटी की ओर से कितने पेटेंट का आवेदन दिया गया। ज्यादा आवेदन होने पर ज्यादा अंक मिलते हैं और रैंकिंग ऊंची होती है। फिर शिक्षण संस्थाओं की ओर से इसका विज्ञापन दिया जाता है कि उनके संस्थान ने इतने पेटेंट का आवेदन किया। इस आधार पर मिली रैंकिंग का विज्ञापन किया जाता है और उस आधार पर छात्रों को दाखिले के लिए लुभाया जाता है। उनसे भारी भरकम फीस वसूली जाती है।

उच्च शिक्षा के लगभग सारे संस्थानों की क्वालिटी ऐसी ही है। गलगोटिया पिछले तीन दशक में देश में उभरी निजी शिक्षा प्रणाली की प्रतिनिधि संस्था है। इस तरह के तमाम विश्वविद्यालयों की मार्केटिंग टीम हिंदी पट्टी के गांवों, कस्बों तक जाकर प्रचार के माध्यम से मध्य वर्ग और निम्न मध्य वर्ग के परिवारों को जाल में फंसाती हैं। उनको बड़े बड़े सपने दिखाए जाते हैं। लोग इसके झांसे में आकर जमीनें और गहने बेच कर बच्चों को पढ़ने के लिए भेजते हैं। अंत में इन विश्वविद्यालयों से निकले ज्यादातर बच्चों को कुछ नहीं मिलता है। गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने ही एआई समिट में भारत की भद्द पिटवाने के बाद अपनी यूनिवर्सिटी से निकले जिस एक छात्र का जिक्र किया वह बीटेक करके निकला है और यूट्यूब का इन्फ्लूयएंसर है। सोचें, यूनिवर्सिटी की उपलब्धि एक इन्फ्लूयएंसर है!

# उत्पादन, परिवर्तन और विविधीकरण: भारत ने किस प्रकार अपनी ऊर्जा प्रणाली को गतिशील बनाया

**आम तौर पर, संरचनात्मक ऊर्जा परिवर्तन शायद ही कभी आरामदायक समय के दौरान होते हैं। वे तब होते हैं जब किसी संकट की लंबे समय तक अनदेखी की जाती है और उसके प्रति निष्क्रिय भाव रखा जाता है। यद्यपि, पिछले 11 वर्षों के दौरान, मोदी सरकार ने इसके विपरीत काम किया है। इसने ऊर्जा क्षेत्र में संरचनात्मक परिवर्तन किए, तब भी जब परिस्थितियां प्रतिकूल नहीं थीं। इसने भारत को वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधानों को सहन करने के प्रति अधिक क्षमता निर्माण में सक्षम बनाया। मोदी सरकार ने घरेलू उत्पादन का विस्तार करके, नए ऊर्जा स्त्रोतों में परिवर्तन का प्रबंधन करके और आपूर्ति स्त्रोतों में विविधता लाकर, अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए बाहरी झटकों का सामना करने में देश को अधिक सक्षम बना दिया है।**

भारत के लिए इस समस्या का समाधान करने का मार्ग कभी भी मुश्किल नहीं था। आवश्यकता थी, इसे लगातार आगे बढ़ाने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की। पिछले एक दशक में, मोदी सरकार ने अपनी योजनाओं पर बने रहने का निर्णय लिया। मोदी सरकार ने खुद को आम लोगों के प्रति जवाबदेह बनाया है, जो अपनी समस्याओं का समाधान चाहते थी। इसकी कार्यनीति तीन स्तंभों पर टिकी हुई थी और प्रत्येक ने सरकार से एक अलग तरह की प्रतिबद्धता की मांग की।

पहले कार्यनीति घरेलू उत्पादन की थी। पेट्रोल के साथ इथेनॉल मिलाने की कार्यप्रणाली 2001 में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में आरंभ हुई थी। फिर भी कई वर्षों तक, भारत ने कोई प्रगति नहीं की और इथेनॉल उत्पादन स्थिर रहा। 2014 के बाद ही व्यापक सुधारों की एक श्रृंखला के माध्यम से, भारत इस पहल की पूरी क्षमता का उपयोग करने में सक्षम हुआ। मोदी सरकार के तहत, देश ने ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन से निपटने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए व्यापक सुधारों की एक श्रृंखला आरंभ की। इथेनॉल ब्लेंडिंग कार्यक्रम (ईबीपी) के तहत शुरू में 2030 के लिए पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।हालांकि, 2020 में, आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने इस लक्ष्य को 2025 तक विस्तारित कर दिया, क्योंकि इसने भू-राजनीतिक झटकों की स्थिति में ऊर्जा आयात के प्रति देश की निर्बलता को कम करने के लिए नए सिरे से ध्यान केंद्रित किया। प्रयासों और नीतिगत फोकस के परिणामस्वरूप, पेट्रोल में इथेनॉल ब्लेंडिंग 2014 में 1.5 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 20 प्रतिशत हो गया, जो 11 वर्षों में 13 गुना वृद्धि है। इथेनॉल उत्पादन 2014 में 38 करोड़ लीटर से बढ़कर जून 2025 तक 661.1 करोड़ लीटर हो गया।20 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग कार्यक्रम अब सालाना लगभग 44 मिलियन बैरल कच्चे तेल को विस्थापित करता है। दूसरी कार्यनीति सही तरीके से ऊर्जा परिवर्तन करने से संबंधित थी। मोदी सरकार ने सभी स्तरों पर देश के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उद्योग के विकास का समर्थन किया। इसने ऑटोमोबाइल क्षेत्र में शत-प्रतिशत एफडीआई की अनुमति दी, जिसने पिछले चार वर्षों में एफडीआई में 36 बिलियन डॉलर को आकर्षित किया है। प्रौद्योगिकी नवोन्मेषण को प्रोत्साहित करने और ऑटोमोबाइल विनिर्माण क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला क्षमता का निर्माण करने के लिए प्रोत्साहन योजनाएं आरंभ की गईं। भारत में (हाइब्रिड) ईवी का फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग (फेम द्व) 2015 में इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहन प्रौद्योगिकी को अपनाने और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए लॉन्च किया गया था, जिससे इस क्षेत्र का सतत विकास सुनिश्चित हो सके। योजना के पहले चरण में, लगभग 2.78 लाख ईवी जोड़े गए, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 59 मिलियन लीटर ईंधन की बचत हुई। फेम इंडिया योजना के परिणाम और अनुभव के आधार पर, फेम का दूसरा चरण 2019 में आरंभ किया गया। हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों पर अग्रिम मूल्य में कटौती के माध्यम से उपभोक्ताओं (खरीदारों/अंतिम उपयोगकर्ताओं) को प्रोत्साहन और रियायतें प्रदान की गईं, जिससे इसे व्यापक स्तर पर अपनाने की सुविधा मिली। इस पहल ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को आबादी के एक बड़े हिस्से के लिए अधिक किफायती और सुलभ बना दिया, जिससे उन्हें अपनाने में तेजी लाने में मदद मिली। इस योजना ने 16 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खरीद और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर सब्सिडी दी, जिससे 42.9 मिलियन लीटर ईंधन की बचत हुई। इसके अतिरिक्त, इस पहल के परिणामस्वरूप, 2019-20 की तुलना में 2023-24 में भारत में पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में 9.7 गुना वृद्धि हुई। वर्तमान में, भारत के ईवी बाजार में 2025-2026 में तेजी देखी जा रही है, जिसकी बिक्री 2.3 मिलियन यूनिट (कुल वाहन पंजीकरण का लगभग 8 प्रतिशत) तक पहुंच गई है। ईवी और नवीकरणीय ऊर्जा सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन महत्वपूर्ण खनिजों के संबंध में इस परिवर्तन में निर्भरता से जुड़ा जोखिम भी है। खनिज निर्भरता की जगह तेल निर्भरता के लिए बदलाव से पूर्ण ऊर्जा सुरक्षा हासिल नहीं की जा सकती। इस निर्बलता को दूर करने के लिए, मोदी सरकार ने महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति को सुरक्षित करने और भारत की महत्वपूर्ण खनिज मूल्य श्रृंखलाओं को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन आरंभ किया। तीसरी कार्यनीति, मोदी सरकार की ऊर्जा स्त्रोतों और आपूर्ति भागीदारों के विविधीकरण से जुड़ी थी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बहु- संयोजन की नीति अपनाई है, जिसने भारत को अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए कई राज्यों के साथ समानांतर, गहरे संबंध विकसित करने में सक्षम बनाया है। इस कूटनीतिक लोकसंपर्क ने भारत के क्रुड सोर्सिंग बेस को एक दशक पहले के 27 देशों से बढ़ाकर आज 40 से अधिक कर दिया है। इन उपायों के महत्व को समझने का एक उपयोगी तरीका यह विचार करना है कि अगर ये कदम नहीं उठाए गए होते तो स्थिति कैसी दिख सकती थी। रूस-यूक्रेन युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास तनाव जैसी घटनाओं ने बार-बार प्रदर्शित किया है कि आपूर्ति श्रृंखलाएं कितनी जल्दी प्रभावित हो सकती हैं। उदाहरण के लिए विचार करें कि इथेनॉल ब्लेंडिंग जैसे घरेलू विकल्पों के विस्तार के बिना, जिसने 2014 के बाद पहले ही 190 मिलियन बैरल मीट्रिक टन से अधिक कच्चे तेल के आयात (और 1.55 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत की है) को प्रतिस्थापित किया है, इस तरह के झटकों के लिए भारत का जोखिम बहुत अधिक और प्रतिकूल परिणाम होता। उस परिदृश्य में (इथेनॉल ब्लेंडिंग को प्राथमिकता नहीं देने की), वैश्विक आपूर्ति व्यवधान भारतीय घरेलू आर्थिक दबाव में बहुत तेजी से परिवर्तित हो गया होता। अगर मोदी सरकार ने पिछले 11 वर्षों में इन नीतियों को नहीं अपनाया होता, तो इस तरह के व्यवधान भारत की ऊर्जा प्रणाली में गंभीर अस्थिरता पैदा कर सकते थे, जिसके परिणाम भारत जैसी विस्तारित अर्थव्यवस्था के लिए विनाश की सीमा तक पहुंच सकते थे। इसलिए पिछले एक दशक में किए गए सुधारों ने भारत को भू-राजनीतिक अनिश्चितता के दौर में प्रवेश करने में मदद की है, जिसे हम आज अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के प्रबंधन में मजबूत बफर और अधिक लचीलेपन के साथ देख रहे हैं।

## जंग के बीच भारत की सफल कूटनीति से एलपीजी लेकर सुरक्षित भारत पहुंचे जहाज

इसे भारत की सफल कूटनीति की जीत तो कहा ही जायेगा इसके साथ-साथ भारत ने अपनी अदम्य सहास का परिचय भी दे दिया है। यानी देशवासी अब चिंता न करें । एलपीजी की समस्या जल्द सामान्य हो जायेगी। क्योंकि जैसे युद्व के बीच दो जहाज का भारत एलपीजी लेकर आना भारत की सफलता मानी जायेगी। भारत शुरु से ही शांतिप्रिय देश है और हमेश से शांति में ही रहने से अपील करता आया है। ऐसे में मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बाद एलपीजी गैस की सप्लाई प्रभावित हुई इसमें कहने से गुरेज नहीं करना चाहिए क्योंकि एलपीजी का अधिक समय तक स्टोरेज नहीं कर सकते। ऐसे समय में जब भारत देश में गैस एजेंसी के बाहर लम्बी लम्बी लाइनें लग रही है जो कि अब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से भारत में एलपीजी की आपूर्ति होना शुरू होने के बाद इस समस्या के अंत के अच्छे संकेत हैं। यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं अपितु यह हमारे भारत देश की सफल राजनीति, कूटनीतिज्ञ, दूरदर्शिता की महाजीत है।

मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव और ईरान से जुड़े युद्ध जैसे हालात के बीच भारत ने जिस तरह अपनी ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखते हुए एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित की है, वह उसकी परिपक्व और संतुलित कूटनीति का स्पष्ट उदाहरण है। वैश्विक संकट के दौर में ऊर्जा सुरक्षा किसी भी देश की आर्थिक स्थिरता की रीढ़ होती है, और भारत ने इस चुनौती को अवसर में बदलने का काम किया है। भारत लंबे समय से ऊर्जा आयात पर निर्भर रहा है, विशेषकर पश्चिम एशिया के देशों पर। ऐसे में जब ईरान के आसपास भू-राजनीतिक तनाव बढ़ा और सप्लाई चेन बाधित होने की आशंका बनी, तब भारत के सामने दोहरी चुनौती थी—एक ओर ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना और दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय दबावों के बीच संतुलन बनाए रखना। भारत की कूटनीतिक रणनीति यहां बहु-आयामी रही। एक तरफ उसने अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ अपने संबंधों को संतुलित रखा, वहीं दूसरी ओर ईरान जैसे महत्वपूर्ण ऊर्जा साझेदार के साथ संवाद के दरवाजे खुले रखे।

## तस्वीरों की दुनिया



केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान नई दिल्ली के होटल ले मेरिडियन में आयोजित न्यूट्रि भारत 2026 - पोषण सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने में न्यूट्रास्यूटिकल्स और फंक्शनल फूड्स की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन में मीडिया से बातचीत करते हुए।



नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में अक्षय पात्र फाउंडेशन के पाँच अरब भोजन पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान।



नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में अक्षय पात्र फाउंडेशन के पाँच अरब भोजन पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक विद्यार्थी को भोजन कराया।



केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी के साथ मिलकर, नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी भवन के रंगभवन सभागार में छह प्रमुख शहरों में अगले दिन गारंटीड डिलीवरी के लिए 24 स्पीड पोस्ट सेवा का शुभारंभ किया।




केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी भवन के रंगभवन सभागार में 24 स्पीड पोस्ट गारंटीड नेक्स्ट-डे डिलीवरी के शुभारंभ को संबोधित किया।



नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आगमन के अवसर पर, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ। इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद और प्रदेश पार्टी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी दिखाई दे रहे हैं।

# महाराष्ट्र में धोखाधड़ी करके नहीं कराया जा सकेगा मतांतरण फ्रीडम ऑफ रिलीजन बिल विधान परिषद से भी पारित



**मुंबई, 18 मार्च [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र विधान परिषद ने मंगलवार को फ्रीडम आफ रिलीजन बिल, 2026 पारित कर दिया। विधानसभा ने सोमवार को ही इसे ध्वनिमत से स्वीकृति दे दी था।इसमें जबरदस्ती, धोखाधड़ी, लालच या शादी के जरिये मतांतरण पर रोक लगाने के लिए कड़े नियम हैं। अब इस विधेयक को मंजूरी के लिए राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। खास बात यह है कि विपक्षी शिवसेना (यूबीटी) ने विधेयक का समर्थन किया, जबकि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने इसका विरोध किया। विधान परिषद में विधेयक को गृह राज्यमंत्री पंकज भोयर ने पेश किया।विधेयक के अनुसार, शादी का झांसा देकर गैरकानूनी तरीके से मतांतरण करने वालों को सात वर्ष की जेल और एक लाख रुपये जुर्माना देना होगा।यह विधेयक लालच, गलत जानकारी, बल प्रयोग, अनुचित प्रभाव, जबरदस्ती या किसी अन्य धोखाधड़ी वाले तरीके से किए गए मतांतरण पर रोक लगाता है। इसमें मतांतरण की प्रक्रिया का विस्तार से उल्लेख है, जिसमें मतांतरण के इरादे की जानकारी देते हुए सक्षम अथारिटी को पहले से नोटिस देना शामिल है। विधेयक में मतांतरण करने वाले व्यक्ति और मतांतरण कराने वाली संस्था को मतांतरण के बाद सक्षम अथारिटी के समक्ष घोषणा करना आवश्यक बनाया गया है। विधेयक के मकसद और कारणों के मुताबिक; जबरदस्ती, बिना मर्जी के या नागरिकों को प्रभावित करके किए गए मतांतरण के मामले बढ़ रहे हैं और इन्हें अलग-अलग संस्थाओं द्वारा सुनियोजित तरीके से किया जा रहा है। बड़े पैमाने पर मतांतरण के कई मामले सामने आए हैं, जिसमें भोले-भाले लोगों को उपहार, रिश्वत, आसानी से मिलने वाला पैसा या नकदी या किसी अन्य चीज का फायदा, नौकरी, किसी धार्मिक संस्था या संस्था के स्कूल या कालेज में मुफ्त शिक्षा, शादी का वादा, बेहतर जीवनशैली, भगवान की कृपा आदि के जरिये जबरन मतांतरण किया गया है।ये मामले राज्य में कानून-व्यवस्था बिगाड़ रहे हैं और सामाजिक सद्भाव प्रभावित कर रहे हैं। समाज में अपनी सामाजिक व आर्थिक कमजोरी की वजह से लोग या परिवार गैरकानूनी मतांतरण के शिकार हो सकते हैं। समाज के ऐसे कमजोर तबकों को राज्य से सुरक्षा की जरूरत है। ऐसे मतांतरण से पैदा होने वाले अलग-अलग मामलों से निपटने के लिए मौजूदा कानून काफी नहीं हैं। विधेयक में नियमों का उल्लंघन करने पर सजा का भी जिक्र है और गैरकानूनी मतांतरण की जांच सब-इंस्पेक्टर या उससे ऊंची रैंक के पुलिस अधिकारी से कराने का प्रविधान है।साथ ही इसमें गैरकानूनी मतांतरण के शिकार लोगों को राज्य सरकार की तरफ से पुनर्वास में मदद और बच्चों के गुजारे भत्ते व कस्टडी का भी प्रविधान है।

## दिल्ली के मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टरों के साथ अपमानजनक व्यवहार, प्रशासन ने शुरू की जांच

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के प्रतिष्ठित मौलाना आजाद मेडिकल कालेज (एमएएमसी) में फर्स्ट ईयर रेजिडेंट डाक्टरों के साथ अपमानजनक व्यवहार के गंभीर आरोप सामने आए हैं। आरोप मुख्य रूप से ऑर्थोपेडिक्स विभाग से जुड़े हैं, जहां सीनियर रेजिडेंट्स पर जूनियर्स के साथ अपमानजनक व्यवहार करने का आरोप लगाया गया है। कॉलेज प्रशासन ने इस तरह के आरोप की पुष्टि तो की है पर, उसने इसे रैगिंग न होने का दावा करते हुए बताया है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एमएएमसी की डीन डॉ. मुनीषा अग्रवाल ने पूछे जाने पर बताया कि मामला उनके संज्ञान में है, लेकिन प्रथम दृष्टया इसे रैगिंग नहीं कहा जा सकता।

# पश्चिम एशिया जंग: भारत ने स्पष्ट की अपनी नीति, जहाज के बदले मार्ग जैसी कोई चर्चा नहीं



**नईदिल्ली, 18 मार्च [एजेंसी]।**

विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को उन खबरों को बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि ईरान होर्मुज स्ट्रेट से भारतीय ध्वज वाले जहाजों को सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के बदले में भारत द्वारा जब्त तीन गए तेल टैंकरों को छोड़ने की मांग कर रहा है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि भारत और ईरान के अधिकारियों के बीच इस तरह की कोई चर्चा नहीं हुई है।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर आयोजित अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में कहा कि जिन तीन जहाजों का जिक्र किया जा रहा है, वे ईरान के स्वामित्व वाले नहीं हैं और न ही उन पर कोई ईरानी चालक दल है।

उन्होंने कहा- ऐसी खबरें बेबुनियाद हैं। मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि भारतीय और ईरानी अधिकारियों के बीच इस तरह की कोई चर्चा नहीं हुई है। ये टैंकर नहीं, जहाज हैं। खबरों के अनुसार, भारत के तटीय अधिकारियों ने अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित तीन तेल टैंकर को रोका है, जिनका कथित तौर पर ईरान से संबंध है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन तीनों टैंकर को फरवरी में रोका गया था। भारत होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले 20 से अधिक भारतीय ध्वज वाले व्यापारिक जहाजों के सुरक्षित मार्ग को सुनिश्चित करने के लिए ईरान के संपर्क में है।क अन्य सवाल पर जायसवाल ने कहा कि हम ईरान और अन्य देशों के साथ बातचीत कर रहे हैं और कई जहाज अभी भी होर्मुज स्ट्रेट में फंसे हुए हैं। हमारा इरादा उन जहाजों को सुरक्षित वापस घर लाने का है।

## राहुल गांधी का केंद्र पर तीखा प्रहार: LPG संकट गहराया, बहानेबाजी में जुटी मोदी सरकार



**नईदिल्ली, 18 मार्च [एजेंसी]।**

देश में एलपीजी को लेकर संकट गहराता दिख रहा है और इस मुद्दे पर सियासत भी तेज हो गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि सरकार समाधान देने के बजाय बहाने बना रही है और सवाल पूछने वालों को घेर रही है। राहुल गांधी ने कहा कि एलपीजी की कमी अचानक नहीं आई, बल्कि यह सरकार की कमजोर नीतियों का नतीजा है। राहुल गांधी ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा से समझौता किया गया है और देश को आयात पर ज्यादा निर्भर बना दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जैसे ही सप्लाई में दिक्कत आई, गैस के दाम बढ़ा दिए गए और इसका बोझ सीधे आम जनता पर डाल दिया गया। उनका कहना है कि अगर अभी भी सही कदम नहीं उठाए गए तो आगे हालात और गंभीर हो सकते हैं।वहीं, एक अन्य पोस्ट में राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार के लिए गिग वर्करों का श्रम, सम्मान और सुरक्षा प्राथमिकता नहीं है।उन्होंने लोकसभा में गिग वर्करों और उनके कल्याण से संबंधित अपने द्वारा पूछे गए एक प्रश्न को साझा किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्होंने हाल ही में गिग वर्करों के एक समूह से मुलाकात की और उनकी शिकायतें सुनने के बाद लोकसभा में सरकार से सीधे प्रश्न पूछे।

# 'मैंने पार्टी को धोखा नहीं दिया': हरियाणा राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग किसने किया? कांग्रेस विधायक ने मांगे नाम



**सिरसा, 18 मार्च [एजेंसी]।**

सिरसा के कांग्रेस विधायक गोकुल सेतिया ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर लाइव आकर राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोट करने वाले और वोट रद करने वाले विधायकों के नाम सार्वजनिक करने की मांग की है।इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की है कि वह बुधवार को चंडीगढ़ में अपनी पार्टी ऑफिस के बाहर धरना देंगे और बाकी विधायकों से अनुरोध करेंगे कि वे भी धरने में शामिल हों। उनका कहना है कि जिन पांच विधायकों ने क्रॉस वोट करके पार्टी के साथ विश्वासघात किया है, उन्हें बाहर निकालने का काम करना चाहिए। गोकुल सेतिया ने कहा कि पार्टी का विधायक होने के कारण मेरा भी अपनी बात रखने का हक है। क्योंकि फेक न्यूज में मेरा नाम लिखा हुआ है। विधायक ने कहा कि हमारी पार्टी 37 में से पांच से सात को निकाल दें तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा। सरकार तो नहीं गिरेगी।

आगे से ऐसे व्यक्तियों को सबक मिल जाएगा। नहीं तो उस एरिया में पार्टी कोई नया नेता नहीं दे पाएगी। ऐसे विधायक सरकार से वोट के बदले डील करते रहेंगे। मैं बाकी विधायकों से अपील करता हूं कि सभी आए। हम विरोध नहीं कर रहे। जिन्होंने धोखा किया, हम उनकी श्रेणी में क्यों आए।गोकुल सेतिया ने कहा कि सोशल मीडिया पर जो फेक न्यूज डाल रहे हैं कि उसमें मेरा भी नाम है। इसमें कोई दो राय नहीं है सीएम साहब मेरे घर आए। मैं व्यक्तिगत तौर पर उनकी इज्जत करता हूं। पूर्व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से भी मेरी मुलाकात हुई थी। हरियाणा विधानसभा में हम सबसे मिलते हैं। किसी से लड़ाई नहीं है और सामाजिक रिश्ते अलग जगह है। उन्होंने कहा कि किसी से मुलाकात की तो छिप कर नहीं की। इसका यह मतलब नहीं कि मैं पार्टी के विरुद्ध गया। अगर किसी का वोट रद हुआ है तो कम से कम उनका नाम सार्वजनिक करना चाहिए।

## अमरनाथ यात्रा की तैयारियों पर बड़ा अपडेट: लंगर के लिए 25 मार्च तक मांगे गए आवेदन, यात्रा तिथि की घोषणा जल्द

**जम्मू।** श्री अमरनाथ यात्रा 2026 की तैयारियां जोरो पर हैं। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने लंगर संगठनों से यात्रा मार्ग और आधार शिविरों में लंगर लगाने के लिए आवेदन मांगे हैं। लंगर संगठन आवश्यक दस्तावेजों के साथ 25 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं।आवेदन पत्र में सेवादारों की संख्या, सोसायटी या ट्रस्ट का पंजीकरण, लंगर का अनुभव आदि की जानकारी देनी होगी। बोर्ड जल्द ही यात्रा और अग्रिम यात्री पंजीकरण की तिथियों की घोषणा करेगा। बोर्ड ने अभी 29 जून को प्रथम पूजा की तिथि निर्धारित की है, लेकिन यात्रा शुरू करने की तिथि की घोषणा नहीं की गई है। यात्रा के पारंपरिक बालटाल और पहलगाम मार्ग पर औसतन हर साल 120 से 125 तक लंगर लगाए जाते हैं। इनमें पहलगाम, बालटाल, चंदनवाड़ी, शेषनाग, पंजतरणी, पवित्र गुफा आदि प्रमुख शिविर शामिल होते हैं।

## बड़ी लापरवाही: ठाणे के सरकारी अस्पताल के ढ्ष्ट में चूहे ने महिला को कुतरा, मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के एक सरकारी अस्पताल की आइसीयू में भर्ती 89 वर्षीय महिला की कथित तौर पर चूहे के काटने से मौत हो गई। सुहासिनी माथेकर नामक महिला को 12 मार्च को मीरा भायंदर के पंडित भीमसेन जोशी अस्पताल में भर्ती कराया गया और वेंटिलेटर पर रखा गया था। महिला के परिवार के अनुसार, 16 मार्च की सुबह उन्हें पता चला कि एक चूहे ने बुजुर्ग महिला के दाहिने हाथ में काट लिया था, जिससे गहरा घाव हो गया और काफी खून बह गया। उसी दिन दोपहर बाद उनका निधन हो गया। इस घटना ने अस्पताल में स्वच्छता को लेकर आक्रोश पैदा कर दिया है। अस्पताल के एक वरिष्ठ चिकित्सक ने बताया कि प्रथम दृष्टया महिला की मौत आईसीयू में चूहे के काटने से हुई।

# पश्चिम एशिया संकट: जंग के बीच 2.44 लाख भारतीय लौटे, 5 की मौत और एक लापता



**नईदिल्ली, 18 मार्च [एजेंसी]।**

पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच केंद्र सरकार ने मंगलवार को जानकारी दी कि 28 फरवरी से अब तक लगभग 2.44 लाख भारतीय नागरिक इस क्षेत्र से लौट चुके हैं। विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी) असीम आर महाजन ने बताया कि इस संघर्ष में अब तक पांच भारतीयों की मृत्यु हुई है, जबकि एक व्यक्ति लापता है। महाजन ने बताया कि हाल ही में ओमान के सोहार शहर में मारे गए दो भारतीयों के पार्थिव शरीर मंगलवार को भारत लाए गए और जयपुर में उनके परिजनों को सौंप दिए गए। उन्होंने बताया कि भारतीय मिशन चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं और 16 मार्च को संयुक्त अरब अमीरात से लगभग 65 उड़ानें संचालित हुईं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा- कल मैंने बताया था कि छात्रों समेत लगभग 650 भारतीय नागरिक ईरान से आर्मेनिया और अजरबैजान पहुंचे थे ताकि वहां से स्वदेश लौट सकें। अब लगभग 50 और भारतीय आर्मेनिया पहुंचे हैं तथा कुछ अन्य अजरबैजान गए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसका नियंत्रण कक्ष पूरी तरह सक्रिय है और भारतीय नागरिकों की सहायता कर रहा है। जायसवाल ने कहा कि संघर्ष के दौरान भारत का रुख संवाद और कूटनीति का रहा है। उन्होंने सभी देशों से संयम बरतने की अपील की है।दोहा से भारतीय दूतावास के अनुसार कतर एयरवेज की पांच उड़ानों के माध्यम से मंगलवार को लगभग 1,600 भारतीय नागरिक स्वदेश पहुंचे। दूतावास ने कहा कि कतर का अधिकाश हवाई क्षेत्र बंद है और कतर एयरवेज वर्तमान में केवल सीमित व अस्थायी उड़ानें ही संचालित कर रही है। दूतावास ने एक पोस्ट में कहा कि दो फ्लाइट दिल्ली जबकि एक-एक फ्लाइट मुंबई, कोच्चि तथा तिरुअनंतपुरम गईं।

## इंस्टाग्राम के जरिये पाकिस्तानी आतंकी के संपर्क करता था राजस्थान का अली, विस्फोटक के साथ पकड़ा गया

**जयपुर।** हरियाणा के अंबाला में चार दिन पहले विस्फोटक के साथ पकड़ा गया राजस्थान का अली अकबर इंस्टाग्राम और सिग्नल एप के जरिये पाकिस्तान में बैठे आतंकी शहजाद भट्टी के संपर्क में था। पाकिस्तानी आतंकी नियमित तौर पर अकबर को पैसे भेजता था। अकबर के साथ गिरफ्तार किए गए जगवीर एवं अनस ने ही उसका संपर्क भट्टी से करवाया था। बाद में वह सीधे भट्टी के संपर्क में आ गया।सुरक्षा एजेंसियों के साथ ही राजस्थान एटीएस भी मामले की जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार, अब तक की जांच में सामने आया कि तीनों आरोपित पकड़े जाने से दो दिन पहले दिल्ली में जामा मस्जिद के पास रुके थे।

## नाइजीरिया में आत्मघाती हमला, 23 लोगों की मौत, 100 से अधिक घायल

**मेदुगुरी, 18 मार्च [एजेंसी]।**


नाइजीरिया के मेदुगुरी में सोमवार रात आत्मघाती बम हमलों में 23 लोग मारे गए और 100 से अधिक घायल हो गए। संघर्षग्रस्त इस शहर में हाल के इतिहास में यह सबसे घातक हमलों में से एक है। बोर्नो राज्य की राजधानी में भीड़भाड़ वाले स्थानों पर तीन विस्फोटों की सूचना मिली, जिनमें एक प्रमुख बाजार और मेदुगुरी विश्वविद्यालय शिक्षण अस्पताल का प्रवेश द्वार शामिल है।पुलिस प्रवक्ता नाहूम केनेथ दासो ने कहा कि किसी भी समूह ने अभी हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन संदेह बोको हराम जिहादी समूह पर है, जिसने 2009 में शरिया की अपनी कट्टरपंथी व्याख्या को लागू करने के लिए नाइजीरिया में विद्रोह शुरू किया था। तब से बोको हराम और भी मजबूत हो गया है, जिसमें हजारों लड़ाके और विभिन्न गुट शामिल हैं। इनमें इस्लामिक स्टेट वेस्ट अफ्रीका प्रोविंस भी शामिल है, जिसे आईसिस का समर्थन प्राप्त है।

# बुलेटप्रुफ जैकेट, एके-47 और बख्तरबंद वाहन... जम्मू-कश्मीर पुलिस हुई अब और हाईटेक, चुन-चुनकर मारे जाएंगे आतंकी



**श्रीनगर।** आतंकवाद , घुसपैठ, नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी से लेकर कानून व्यवस्था की चुनौतियों से निपट रहे अब पुलिस हाईटेक हुई है। अधिकारियों और कर्मियों के लिए जोखिम को न्यूनतम बनाते हुए ऑपरेशनल क्षमता-दक्षता को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक बुलेट प्रूफ वाहन, अत्याधुनिक हथियार व निगरानी उपकरणों के साथ साथ बुलेट प्रुफ जैकेट-पटका भी खरीदा है। यह सारा साजो सामान पुलिस के अत्याधुनिकीकरण प्रक्रिया के तहत खरीदा है। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए पुलिस के अत्याधुनिकीकरण का अभियान चला रखा है। पुलिस विभाग ने आठ हजार से ज्यादा बुलेट प्रुफ जैकेट खरीद हैं। एके-47 और इस जैसे घातक हथियारों से दागी गोलियों से सुरक्षा प्रदान करने में समर्थ बी5 स्तर के 7416 जैकेट हैं। स्टील बुलेट व उससे भी ज्यादा घातक गोलियों को झेलने में समर्थ बी6 स्तर के बैलिस्टिक प्रोटेक्शन की 784 जैकेट हैं। यह जैकेट आतंकरोधी अभियानों में और अत्यंत जोखिमपूर्ण अभियानों मं शामिल अधिकारियों व कर्मियों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके अलावा ऑपरेशन गतिविधियों के दौरान पुलिस जवानों व अधिकारियों की सुरक्षा को सुनिश्चित बनाते हुए उनकी गतिशीलता को बढ़ाने के लिए बी-3 बैलिस्टिक क्षमता के 47, बी2 बैलिस्टिक क्षमता के 15 और बी1बैलिस्टिक क्षमता के 10 बुलेट प्रुफ वाहन वाहन खरीदे हैं। 45 मिनी ड्रोन, 12 डीप सर्च माइन डिटेक्टर और 100 अल्ट्रा वाइड सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम भी खरीदे गए हैं।पुलिस के अधिकारी के अनुसार, पुलिस के साजो सामान को अत्याधुनिक बनाया जा रहा है। पुलिस की चुनौतियां अन्य राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से अलग हैं, उसे देखते हुए विशेष उपकरण और हथियार खरीदे जा रहे हैं। बदलते परिवेश में पुलिस की कार्यप्रणाली को समर्थ-दक्ष बनाए रखने के लिए आधुनिक उपकरण, बेहतर गतिशीलता और वैज्ञानिक जांच उपकरणों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम इसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जवानों व अधिकारियों के मनोबल को उच्च बनाए रखते हुए उनके लिए खतरे को कम करने के लिए बुलेट प्रूफ जैकेट, पटके और वाहन जरूरी हैं। इनसे लैस जवान व अधिकारी आतंकरोधी अभियानों में और ज्यादा उत्साह के साथ आगे बढ़ते हैं।

# दुष्कर्म कर वीडियो से ब्लैकमेल, फिर शादी का झांसा अररिया कोर्ट ने आरोपित को 14 साल की सजा सुनाई



**अररिया, 18 मार्च [एजेंसी]।**

तीन वर्ष पूर्व एक युवती के साथ दुष्कर्म और ब्लैकमेल कर लगातार शोषण करने के मामले में अदालत ने सख्त फैसला सुनाया है। अररिया न्याय मंडल के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम मनोज कुमार तिवारी की अदालत ने पचैली गांव निवासी फैजान को दोषी करार देते हुए 14 वर्ष के सश्रम कारावास और 53 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं देने पर तीन महीने की अतिरिक्त सजा का प्रावधान भी रखा गया है।मामले में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, वर्ष 2023 में पीड़िता के साथ घटना उस समय हुई जब वह शौच के लिए बाहर गई थी। आरोपी ने उसे पकड़कर दुष्कर्म किया और घटना का वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे लगातार ब्लैकमेल किया गया। शादी का झांसा देकर आरोपी लंबे समय तक उसके साथ संबंध बनाता रहा, जिससे पीड़िता गर्भवती हो गई।इस मामले में अररिया महिला थाना में 13 मार्च 2023 को कांड संख्या 08/2023 दर्ज किया गया था। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से एपीपी राजानंद पासवान ने घटना को गंभीर बताते हुए आरोपी के लिए कठोर सजा की मांग की। वहीं बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने कम सजा देने की अपील की। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में दोषी ठहराया और सजा सुनाई।इस मामले में आरोपी के परिजन समेत छह अन्य लोगों को भी आरोपित बनाया गया था। हालांकि साक्ष्यों के अभाव में अदालत ने सभी को दोषमुक्त कर दिया। अदालत के इस फैसले को गंभीर अपराधों के खिलाफ कड़ा संदेश माना जा रहा है।

## जनरल डिब्बों पर विपक्ष के आरोप निराधार: आम आदमी की सुविधा हमारी प्राथमिकता : रेल मंत्री

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्रेन के जनरल डिब्बों को लेकर विपक्ष के आरोपों को गलत करार देते हुए कहा है कि रेलवे आम आदमी के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और लगातार यात्री सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं।उन्होंने बंगाल, तमिलनाडु और केरल की राज्य सरकारों को आड़े हाथ लेते हुए उनको विकास विरोधी करार दिया और कहा कि इन प्रदेशों में रेलवे परियोजनाओं को अवरुद्ध कर रखा है। इन तीनों प्रदेशों तथा असम और पुडुचेरी में अगले महीने विधानसभा चुनाव होना है।रेल मंत्री के जवाब के बाद सदन ने रेल मंत्रालय की अनुदान की मांगों को कई विपक्षी सदस्यों के कटौती प्रस्तावों को खारिज करते हुए ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों पर सबसे लंबी चर्चा रही, जिसमें 210 से



अधिक सदस्यों ने भाग लिया। चर्चा का जबाब देते हुए रेल मंत्री ने विपक्ष पर रेलवे के जनरल और स्लीपर डिब्बों को लेकर फर्जी विमर्श गढ़ने और विकास विरोधी होने का आरोप लगाया।उन्होंने कहा कि विपक्ष के लिए गरीब सिर्फ वोट बैंक रहा है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार गरीबों के लिए समर्पित होकर काम करती है।

उन्होंने साफ किया कि सभी ट्रेनों में जनरल और स्लीपर डिब्बों की संख्या कुल डिब्बों का 70 प्रतिशत है। वैष्णव ने कहा कि कई सांसदों ने गलत विमर्श गढ़ने की कोशिश की। वैष्णव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग नहीं समझ सकते हैं, क्योंकि उन्होंने सिर्फ गरीबी हटाओ के नारे दिए और इनके लिए गरीब सिर्फ वोट बैंक रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का रवैया यही बना रहेगा तो वह अपनी जगह (विपक्ष) पर ही रह जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के मंसूबे होंगे नाकाम

## सेना ने तेज कीं ऑपरेशनल तैयारियां LoC पर रखी जा रही पैनी नजर

**जम्मू , 18 मार्च [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रही सेना की उत्तरी कमान के शीर्ष अधिकारी अपने दौरों से प्रदेश में आतंकियों और देशविरोधी तत्त्वों के मंसूबों को नाकाम बनाने के लिए सेना की ऑपरेशनल तैयारियों को तेजी दे रहे हैं। मंगलवार को सेना की उत्तरी कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने कश्मीर का दौरा कर वहां आतंकियों के खिलाफ अभियान को और गति देने पर जोर दिया। उन्होंने आतंकवाद विरोधी अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले सैन्यकर्मियों को सम्मानित करने के साथ उच्चतम स्तर की सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। इस बीच कश्मीर दौरे के दौरान आर्मी कमांडर ने कश्मीर घाटी में शांति व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बड़गाम में स्थापित ज्वाइंट कंट्रोल सेंटर के समन्वित प्रयासों के बारे में जानकारी ली। आर्मी कमांडर ने कश्मीर घाटी में काउंटर टेररिज्म ग्रिड को मजबूत बनाने की कार्रवाई के साथ सुरक्षाबलों, खुफिया एजेंसियों व जम्मू कश्मीर पुलिस की संयुक्त आपरेशनल तैयारियों के बारे में जानकारी ली।उन्होंने आतंकवाद से लड़ रहे सैनिकों के उच्च मनोबल व सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने की बेहतर तैयारियों की सराहना की। वहीं, जम्मू संभाग की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाली सेना की सोलह कोर के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल पीके मिश्रा ने मंगलवार को जम्मू के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के अग्रिम इलाकों में ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की।उन्होंने कोर की क्रॉस्ड स्वार्ड्स डिवीजन के जीओसी के साथ अग्रिम चौकियों का दौरा कर सुरक्षा हालात की जानकारी लेने के साथ वहां तैनात सैनिकों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने जवानों से बातचीत कर रक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने व ऑपरेशनल प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में पूछा।

# गर्मियों में बनाकर पिएं ये 5 नींबू के पेय, घर में सभी को आएंगे पसंद

गर्मियों में नींबू का पानी पीना सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है। यह पेट को ठंडक देने के साथ-साथ शरीर में पानी की कमी को पूरा करने में मदद कर सकता है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि नींबू के पानी से कई अन्य स्वादिष्ट पेय भी बनाए जा सकते हैं? आइए आज हम आपको नींबू से बनाए जाने वाले पांच ऐसे पेय की रेसिपी बताते हैं, जो गर्मियों में आपके दिन को तरोताजा कर सकते हैं।

नींबू की चाय

नींबू की चाय एक हल्का और ताजगी भरा विकल्प है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले पानी को उबालें और उसमें चायपत्ती डालें, फिर इसमें आधा नींबू निचोड़ें और थोड़ा शहद मिलाएं। इसे 5-7 मिनट तक पकने दें। अब इसे छानकर गिलास में डालें और ठंडा करने के लिए ठंडा स्थान पर रखें। आप चाहें तो इसमें पुदीने की पत्तियां भी डाल सकते हैं। यह पेय आपको दिनभर तरोताजा रखेगा और आपकी प्यास भी बुझाएगा।

नींबू और पुदीने का शरबत

नींबू और पुदीने का शरबत एक बेहतरीन पेय है, जो आपको गर्मियों के दौरान ठंडक प्रदान कर सकता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले नींबू का रस निकालें और उसमें पुदीने की पत्तियां डालें, फिर इसमें चीनी और पानी मिलाकर अच्छे से हिलाएं। इस मिश्रण को कुछ देर ठंडा स्थान पर रखें ताकि यह ठंडा हो जाए। अब इसे गिलास में



डालकर ठंडा-ठंडा परोसें। यह पेय न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद है।

नींबू और अदरक का शरबत

अगर आप मसालेदार स्वाद पसंद करते हैं तो यह शरबत आपके लिए एकदम सही विकल्प होगा। इसे बनाने के लिए सबसे पहले अदरक को कद्दूकस कर लें, फिर नींबू का रस निकालें और उसमें अदरक का पेस्ट मिलाएं। अब इसमें चीनी और पानी डालकर अच्छे से हिलाएं। इस मिश्रण को कुछ मिनट तक ठंडा स्थान पर रखें ताकि यह ठंडा हो जाए। अब इसे गिलास में डालकर ठंडा-ठंडा परोसें। यह पेय मसालेदार और सेहत के लिए फायदेमंद है।

नींबू और नारियल पानी का शरबत

यह पेय उन लोगों के लिए है जो नारियल पानी का स्वाद पसंद करते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले नारियल पानी निकालें, फिर उसमें नींबू का रस निचोड़ें और चीनी मिलाएं। अब इस मिश्रण को अच्छे से मिलाएं ताकि चीनी घुल जाए। इसके बाद इसे गिलास में डालकर ठंडा-ठंडा परोसें। यह पेय न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि पोषण भी प्रदान करता है। नारियल पानी और नींबू का मेल इसे और भी खास बनाता है।

नींबू और तुलसी का शरबत

तुलसी सेहत के लिए फायदेमंद गुणों से भरपूर होती है, इसलिए इसका शरबत बनाना बहुत अच्छा विचार हो सकता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले तुलसी की पत्तियों को पीस लें, फिर नींबू का रस निचोड़ें और उसमें तुलसी का पेस्ट मिलाएं। अब इसमें शहद या चीनी मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण को ठंडा करने के लिए ठंडा स्थान पर रखें। ठंडा होने पर इसे गिलास में डालकर परोसें।



## नौकरी छोड़ एक्ट्रेस बनीं अनन्या नागल्ला, पवन कल्याण संग इस फिल्म से बदली किस्मत

साउथ एक्ट्रेस अनन्या नागल्ला पिछले कुछ सालों से इंडस्ट्री में खुद की पहचान बना रही है. तेलुगु फिल्मों में काम करने वाली अनन्या ने बहुत कम समय में अपने अभिनय से दर्शकों का ध्यान खींचा है. 2019 में फिल्म मल्लेशम से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अनन्या ने धीरे-धीरे इंडस्ट्री में मजबूत जगह बनाई है. उनकी सादगी, नैचुरल एक्टिंग और मेहनत की वजह से उन्हें दर्शकों से बहुत तारीफ मिली. इसी बीच आइए उनके बारे में विस्तार से जानते हैं.

अनन्या नागल्ला का जन्म तेलंगाना के खम्मम जिले के सतुपल्ली में एक तेलुगु परिवार में हुआ था. उनके पिता वेंकटेश्वर राव एक बिजनेसमैन हैं और उनकी मां का नाम विष्णु प्रिया है. बचपन से ही अनन्या पढ़ाई में अच्छी थी और परिवार का माहौल भी काफी सपोर्टिव रहा.

अनन्या ने हैदराबाद के इब्राहिमपट्टनम स्थित राजा महेंद्र कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से बीटेक की पढ़ाई पूरी की. पढ़ाई खत्म करने के बाद उन्होंने आईटी कंपनी इन्फोसिस में नौकरी शुरू की. वहां वो टेस्ट एनालिस्ट के रूप में काम करती थी और बाद में सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनी.

नौकरी के समय ही अनन्या को 2017 में एक शॉर्ट फिल्म शादी में काम करने का मौका मिला. इसके बाद उन्होंने हैदराबाद के मणिकोंडा इलाके में एक एक्टिंग स्कूल जॉइन किया और धीरे-धीरे फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने की तैयारी शुरू कर दी.

कई ऑडिशन देने के बाद अनन्या को 2019 की बायोपिक फिल्म मल्लेशम में काम करने का मौका मिला. इस फिल्म में उन्होंने पद्मा नाम का किरदार निभाया, जो दर्शकों को पसंद आया था. इस रोल के लिए उन्होंने अपनी नौकरी से एक महीने की छुट्टी ली थी.

2021 में अनन्या नागल्ला को पावर स्टार पवन कल्याण की फिल्म वकील साब में काम करने का मौका मिला. यह फिल्म हिंदी फिल्म पिंक की रीमेक थी. फिल्म में अनन्या ने दिव्या नायक का किरदार निभाया था. इस रोल के बाद उन्हें पूरे तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में पहचान मिलने लगी.

अनन्या ने 2021 में साइंस-फिक्शन ड्रामा फिल्म प्ले बैक में भी काम किया. इसके अलावा 2024 में आई फिल्म तंत्र में उन्होंने लीड रोल निभाया. इस फिल्म में उनके कॉन्फिडेंस और स्क्रीन प्रेजेंस की भी काफी चर्चा हुई.

अनन्या नागल्ला के लिए आईटी कंपनी की नौकरी छोड़कर फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखना आसान फैसला नहीं था. लेकिन अपने जुनून और मेहनत के दम पर अनन्या आज तेलुगु सिनेमा की उभरती हुई एक्ट्रेसेस में गिनी जाती हैं.

## हर्षित रेड्डी की फिल्म दीवाना का टीजर रिलीज़

हर्षित रेड्डी की फिल्म दीवाना का टीज़र अब रिलीज़ हो चुका है; गीता फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर्स इस फिल्म को इस गर्मी में रिलीज़ कर रहे हैं। दीवाना में हर्षित रेड्डी मुख्य भूमिका में हैं, जबकि स्मेहा मणिमेगलाई तेलुगु दर्शकों के सामने नायिका के रूप में नज़र आ रही हैं। फिल्म का निर्माण वासुदेव कोप्पिनेनी और श्रीदेवी कार्यमपुडी अरहा मीडिया और वी स्टूडियोज के बैनर तले कर रहे हैं। निर्देशक श्रीकांत संगीशेट्टी फिल्म को एक खूबसूरत प्रेम कहानी के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। दीवाना इस गर्मी में भव्य सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

दीवाना का टीज़र आज रिलीज़ हुआ। टीज़र देखकर मणिरत्नम शैली की रोमांटिक फ़िल्म का एहसास होता है। टीज़र से पता चलता है कि हीरो एक शादी समारोह में नायिका को देखते ही पहली नज़र में उससे प्यार कर बैठता है। उस पल से, वह उसकी पूरी दुनिया बन जाती है। हालाँकि उसके दोस्त उसे चेतावनी देते हैं कि उसके परिवार के साथ जुड़ना खतरनाक हो सकता है, लेकिन वह उनकी बात सुनने से इनकार कर देता है। क्या लड़की उसके गहरे प्यार का जवाब देती है या नहीं, यह दर्शकों को सिनेमाघरों में ही पता चलेगा

टीज़र में प्रेमा इदि प्रेमा गुंडेलोना सादिरेपेडे प्रेमा... गाने का बैकग्राउंड म्यूज़िक दिल को छू लेने वाला है। टीज़र के अंत में, ये लड़कियाँ जितनी खूबसूरत होती हैं, उतना ही ज़्यादा तुम्हें तकलीफ देती हैं वाला संवाद उत्सुकता जगाता है। कुल मिलाकर, टीज़र से संकेत मिलता है कि दीवाना एक गहन और खूबसूरत संगीतमय प्रेम कहानी प्रस्तुत करेगा।

टीज़र ने ज़बरदस्त प्रभाव डाला है। टीज़र खत्म होने के बाद भी गाना मन में गूंजता रहता है। दृश्य बेहद यथार्थवादी और खूबसूरत लगते हैं। मुख्य जोड़ी पर्दे पर बिल्कुल नई और आकर्षक लग रही है, और नई नायिका स्मेहा मणिमेगलाई बेहद खूबसूरत और प्रभावशाली दिख रही हैं।



# गर्मियों के दौरान त्वचा के लिए फायदेमंद हैं एलोवेरा का इस्तेमाल, जानिए कैसे



एलोवेरा एक ऐसा पौधा है, जिसकी जेल जैसी सामग्री में कई ऐसे गुण मौजूद होते हैं, जो त्वचा की देखभाल करने में मदद कर सकते हैं, खासतौर से गर्मियों में जब त्वचा को सूरज की किरणों और पसीने का सामना करना पड़ता है। आइए आज हम आपको एलोवेरा के इस्तेमाल से जुड़े कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जो आपकी त्वचा को ताजगी और नमी प्रदान करने समेत कई अन्य लाभ दे सकते हैं।

एलोवेरा से बनाएं फेस मिस्ट

एलोवेरा से बना फेस मिस्ट त्वचा को ताजगी और नमी प्रदान करने में मदद कर सकता है। इसके लिए सबसे पहले एलोवेरा जेल को पानी के साथ मिलाकर एक स्प्रे बोतल में डालें, फिर इसे अपने चेहरे पर छिड़कें। यह तरीका खासतौर से धूप में निकलने के बाद बहुत फायदेमंद है क्योंकि यह आपकी त्वचा को ठंडक पहुंचाता है और उसे नमी से भरपूर रखता है। यह आपकी त्वचा को ताजगी का एहसास दिलाएगा।

बादाम के तेल और एलोवेरा जेल का मिश्रण लगाएं

बादाम का तेल और एलोवेरा जेल का मिश्रण त्वचा को भरपूर नमी प्रदान कर सकता है। इसके लिए थोड़े से एलोवेरा जेल में बादाम का तेल मिलाएं, फिर इसे अपने चेहरे और शरीर पर लगाएं। यह मिश्रण आपकी त्वचा को मुलायम बनाएगा और उसे गहराई से पोषण देगा। इसके अलावा यह त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से भी बचा सकता है। यह तरीका आपकी त्वचा को चमकदार बनाएगा।

धूप की जलन से राहत दिलाने में है कारगर

अगर आपको धूप से जलन हो गई है तो एलोवेरा जेल लगाना फायदेमंद हो सकता है। यह त्वचा को ठंडक पहुंचाता है और जलन को कम करता है। इसके लिए एलोवेरा जेल को ठंडा करके प्रभावित जगह पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। यह तरीका आपकी त्वचा को आराम देगा और उसे जल्दी ठीक करने में मदद करेगा। इससे त्वचा को आराम मिलेगा।

एलोवेरा से बनाएं स्क्रब

एलोवेरा स्क्रब त्वचा की गहराई से सफाई करने में मदद कर सकता है। इसके लिए चीनी या नमक को एलोवेरा जेल में मिलाकर स्क्रब तैयार करें, फिर इसे अपने चेहरे और हाथ-पैरों पर हल्के हाथों से मलें, फिर ठंडे पानी से धो लें। यह स्क्रब मृत कोशिकाओं को हटाने, त्वचा को साफ और ताजगी देने में मदद करेगा। इसके अलावा यह त्वचा की नमी को बनाए रखने में भी सहायक है।

एलोवेरा फेस मास्क लगाएं

फेस मास्क त्वचा को पोषण देने के लिए बहुत अच्छा तरीका हो सकता है। इसके लिए एलोवेरा जेल को अपने पसंदीदा फेस मास्क पाउडर जैसे कि चंदन या हल्दी पाउडर के साथ मिलाकर लगाएं। इसे 15-20 मिनट तक सूखने दें, फिर ठंडे पानी से धो लें। यह तरीका आपकी त्वचा को साफ करेगा और उसे मुलायम बनाएगा। इससे आपकी त्वचा को निखार मिलेगा।

## मौनी रॉय ने व्हाइट साड़ी में ढाया कहर, बैकलेस ब्लाउज पहन दिए कातिलाना पोज

बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय फिल्मों से ज्यादा अपने लुक्स को लेकर सुर्खिंया बटोरटी नजर आती हैं. एक्ट्रेस आए दिन अपनी दिलकश फोटोज शेयर करती हैं हाल ही में उन्होंने साड़ी में अपनी कुछ शानदार फोटोज शेयर की हैं.

मौनी रॉय सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. हाल ही एक्ट्रेस अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर कर फैंस का ध्यान खींचा है.

शेयर की गई फोटोज में एक्ट्रेस ऑफ व्हाइट कलर की साड़ी पहने नजर आ रही हैं. उनका ये लुक काफी एलिगेंट गल रहा है.

साड़ी के साथ एक्ट्रेस ने पिंक एंड गोल्डन कॉम्बिनेशन का बैकलेस ब्लाउज कैरी किया है, जो उनके लुक में चार चांद लग रहा है.

एक्ट्रेस ने गोल्डन झुमके और बिंदी लगाकर अपने इस लुक को कंप्लीट किया है. उनका ये अंदाज देखने लायक है.

एक्ट्रेस ने मेकअप को काफी सटल रखा है. उन्होंने स्मोकी आई लुक और लाइट शेड लिपस्टिक चूज की. खुले बालों में बला की हसीन दिख रही हैं.

बैकलेस ब्लाउज पहन कर एक्ट्रेस ने जमकर कातिलाना पोज दिए. उनकी इन अदाओं पर फैंस फिदा हो गए हैं.

कुछ फोटोज में एक्ट्रेस कर्वी फिगर भी फ्लॉन्ट करती नजर आई. उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है.



## शब्द सामर्थ्य -345


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिढ़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भाता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 344 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

## धुरंधर 2 की आंधी में उड़ी शाहरुख खान की जवान



रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म धुरंधर 2: द रिवेंज का इंतजार अब खत्म होने वाला है। फिल्म की रिलीज में सिर्फ 3 दिन बाकी रह गए हैं और उसके बाद बॉक्स ऑफिस पर नया धमाका देखने को मिलेगा। ऐसा अनुमान इसलिए लगाया जा रहा है क्योंकि आदित्य धर द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने अपने एडवांस बुकिंग में ही काफी कोहराम मचाकर रखा है। इसने रिलीज से पहले ही शाहरुख खान की फिल्म जवान को पटखनी दे दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, व्यापार आंकड़ों से पता चलता है कि धुरंधर 2 ने अपनी एडवांस बुकिंग में लगभग 32 करोड़ का कारोबार कर लिया है।

# बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए जागरूकता रथ को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले को सामाजिक कुरूतियों से मुक्त कराने और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। बाल विवाह मुक्त राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त रथ रवाना किया गया। कलेक्टरेट परिसर से जागरूकता रथ को कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर ग्रामीण एवं शहरी अंचलो के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि बाल विवाह न केवल एक कानूनी अपराध है बल्कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास में सबसे बड़ी बाधा है। यह रथ जिले के दुरस्थ गांवों एवं पंचायतों में जाकर ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं संबंधित कानून के प्रति जागरूकता करेगा। रथ के माध्यम से प्रचार प्रसार के जरिए लोगों को बाल विवाह मुक्त कोरिया बनाने का संदेश दिया जाएगा। रथ के माध्यम से लोगो को अवगत कराया जायेगा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत बाल विवाह करने व शमिल होने पर 02 वर्ष का कठोर कारावास व 1 लाख का जुर्माना भी हो सकता है। बाल विवाह की सूचना मिलने पर तुरंत चाईल्ड हेल्पलाईन टोल फी नंबर 1098 या स्थानीय पुलिस को सूचना देने की अपील की गई।

## एमसीबी में 23 मार्च को रोजगार मेला, निजी कंपनियों में नौकरी का मौका

**एमसीबी।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र मनेन्द्रगढ़ के माध्यम से 23 मार्च 2026 को प्लेसमेंट कैंप आयोजित होगा। यह रोजगार मेला जिला रोजगार कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक लगेगा, जहां निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां युवाओं का चयन करेंगी। इस मेले में गुरुग्राम स्थित एक निजी कंपनी द्वारा आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए मीटर इंस्टॉलेशन के 50 पदों पर भर्ती की जाएगी। चयनित उम्मीदवारों को 15 हजार से 20 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। उनकी नियुक्ति छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में की जाएगी। जिला रोजगार कार्यालय के अनुसार, यह प्लेसमेंट कैंप पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। इसमें भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को ई-रोजगार पोर्टल या मोबाइल ऐप के माध्यम से पहले पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।

### जिले के अधिकारीयों व कर्मचारियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम

# बाल मधुमेह और बच्चों का स्वास्थ्य भविष्य



**कोरिया बैकुंठपुर।** बच्चों में मधुमेह जिसे टाइप-1 डायबिटीज़ (बाल मधुमेह) भी कहा जाता है, इसकी समय पर पहचान, प्रभावी उपचार और समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने हेतु जिला स्वास्थ्य विभाग़ और यूनिसेफ़ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में, जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, महिला व पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक, मितानिन प्रशिक्षक, ब्लॉक समन्वयक, एसपीएस, जिला समन्वयक मितानिन का एक दिवसीय दो सत्रों में उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन दिनांक 16 -17 मार्च को किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य सभी स्वास्थ्यकर्मियों को टाइप-1 डायबिटीज़ (बाल मधुमेह) का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव और इसकी जल्द से जल्द पहचान, उसके अनुरूप इलाज और विभिन्न पहलुओं के बारे में तकनीकी जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे अपने-अपने स्तर पर बेहतर सेवाएँ प्रदान कर सकें। साथ ही, मुख्य रूप से टाइप-1 डायबिटीज़ की पहचान, उपचार व प्रबंधन, काउंसलिंग, रोगी सहायता समूह की भूमिका, समुदाय आधारित जागरूकता, मानसिक स्वास्थ्य तथा पारिवारिक सहयोग जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने समूह गतिविधियों के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए और टाइप-1 डायबिटीज़ से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। डॉ. अविनाश खरे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने प्रशिक्षण के संदर्भ में कहा कि यह पहल बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय एवं प्रेरक कदम बताया।

स्वास्थ्य विभाग के सहयोग और डॉ. गजेंद्र सिंह स्वास्थ्य विशेषज्ञ यूनिसेफ के नेतृत्व में यूनिसेफ की टीम के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा विभिन स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मियों का प्रशिक्षण में शत प्रतिशत सहभागिता, निकट भविष्य में रोगियों के लिए विशेष लाभकारी होगा। साथ ही, इसमें डॉ नम्रता चक्रबोर्ती जिला नोडल अधिकारी गैर संचारी रोग, श्री अवनीश पांडे जिला सहायक नोडल सलाहकार गैर संचारी रोग, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ शिशिर जायसवाल, सिविल सर्जन डॉ राजेंद्र रॉय, डॉ. विनीत जिला टीकाकरण अधिकारी, वीरेंदर साओ, प्रभारी अस्पताल सलाहकार, राजकुमार रजवाड़े, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक का विशेष सहयोग रहा। इस दो सत्रों की उन्मुखीकरण कार्यशाला में कुल 120 प्रतिभागीयों ने भाग लिया। दिनाँक 18 व 19 मार्च को यह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जनकपुर व मनेन्द्रगढ़ में क्रमश किया जायेगा।

# भाजपा पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की बैठक संपन्न



**कोरिया बैकुंठपुर।** नगर पालिका परिषद् बैकुंठपुर क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, मण्डल अध्यक्ष अनिल खटिक,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेष शिवहरे, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने सभी जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने वार्डों में नियमित रूप से जाएँ और आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनता से सीधा संवाद स्थापित करना ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुँचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। इससे आम जनता को योजनाओं का लाभ मिलेगा और सरकार की नीतियों की जानकारी भी लोगों तक प्रभावी रूप से पहुंचेगी। बैठक में नगर विकास,स्वच्छता, पेयजल,सड़क मरम्मत सहित विभिन्न जनहित मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों को आह्वान किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर करें।

मन की बात का आयोजन हर बूथ में हो - बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 29 मार्च को हर बूथ या वार्ड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने की व्यवस्था संगठन पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहकर नगरवासियों को शामिल करें। बैकुंठपुर मण्डल द्वारा 6 अप्रेल को मानस भवन में भव्य स्थापना दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। उसी दिन समाज के प्रबुद्ध जन,वरिष्ठ कार्यकर्त्ता एवं हितग्राहियों के साथ संवाद कार्यक्रम का भी आयोजन निश्चित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष बसंत राय,जिला मंत्री शारदा गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी,पूर्व नपा उपाध्यक्ष भानूपाल,वरिष्ठ नेता मनोज गुप्ता, सोशल मीडिया प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सोनालाल राजवाड़े,भाजयुमो प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रखर गुप्ता,मंडल महामंत्री रमन गुप्ता,रवि त्रिपाठी,महिला मोर्चा जिला मंत्री आँचल सिंह परमार,आईटी सेल संयोजक हरिओम साहू, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी ममता साहू, सुदीप सोनी,पार्षद अवधेश सिंह, अभिनेन्द्र चंदेल,लक्ष्मी गुप्ता,सुनील सिंह,रंजीत सिंह,संतोष राजवाड़े, परवेज आलम,रजनीश गुप्ता,शरद कुमार,अमिताभ गुप्ता,महेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सोनी,सौरभ दुबे,गीतेन्द्र,दुर्गा प्रसाद,राधा गिरी,आशा काशी, तोता रानी सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## जिले में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ

**कोरिया।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ मंगलवार को ग्राम ओडगी स्थित टीकाकरण केंद्र में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी रहीं, जिन्होंने अभियान की शुरुआत की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया कि यह अभियान 17 मार्च से 21 अप्रैल 2026 तक जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा। इसके अंतर्गत 9 माह से 59 माह तक के बच्चों को विटामिन-ए सिरप पिलाया जाएगा तथा 6 माह से 59 माह तक के बच्चों को आयरन एवं फोलिक एसिड (आईएफए) सिरप वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान एनीमिया की जांच, स्तनपान संबंधी जागरूकता गतिविधियां तथा ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस एवं टीकाकरण सेवाओं को भी सुदृढ़ किया जाएगा। अभियान निर्धारित तिथियों 17, 20, 24, 27 और 30 मार्च तथा 2, 7, 10, 17 एवं 21 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जाएगा।

# एमसीबी में एनएसयूआई का बड़ा संगठनात्मक फेरबदल, चार ब्लॉक अध्यक्ष घोषित

**एमसीबी।** नवगठित एमसीबी जिले में छात्र राजनीति एक बार फिर गर्म होती नजर आ रही है। राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय के अनुमोदन के बाद जिला अध्यक्ष कासिम अंसारी ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से जिले में चार ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा कर दी है। इस निर्णय के बाद छात्र राजनीति के गलियारों में हलचल तेज हो गई है और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

जिला अध्यक्ष कासिम अंसारी ने संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय और मजबूत बनाने के लिये युवा चेहरों पर भरोसा जताते हुए निम्नलिखित नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू की है। आशीष कुमार बारी (ब्लॉक अध्यक्ष, खड़गवां) इन नियुक्तियों में सबसे अधिक चर्चा विजय सूर्यवंशी की हो रही है। ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने के बावजूद उन्होंने मनेन्द्रगढ़ शहर की छात्र राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाते हुए अपनी अलग पहचान बनाई है। छात्र हितों के मुद्दों पर उनकी सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें शहर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। गौरतलब है कि विजय सूर्यवंशी इससे पहले पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल के खेल एवं युवा विभाग के विधायक प्रतिनिधि के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। इस अनुभव का लाभ अब संगठन को मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। जिला अध्यक्ष कासिम अंसारी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिये विचारधारा, अनुशासन और समर्पण बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कन्हैया कुमार जैसे नेताओं की विचारधारा को आत्मसात करते हुए कार्य करें। उन्होंने आगे कहा कि नई टीम विनोद जाखड़ के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय और कॉलेज स्तर पर संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ छात्र हितों की लड़ाई को और तेज करेगी। नियुक्ति आदेश जारी होते ही एनएसयूआई कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई।

सोशल मीडिया पर नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाइयां देने का सिलसिला लगातार जारी है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इन नई नियुक्तियों से जिले में एनएसयूआई की सक्रियता बढ़ेगी और छात्र हितों की आवाज को और मजबूती मिलेगी।

## अब गैस सिलेंडर बना चोरों का निशाना

**रायपुर।** राजधानी रायपुर समेत पूरे प्रदेश में चोरी की वारदातों का तरीका तेजी से बदलता नजर आ रहा है। अब चोर महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान या नकदी की बजाय गैस सिलेंडर पर हाथ साफ कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला शहर के बजाज कॉलोनी इलाके से सामने आया है।

## कुत्ते के हमलों को हल्के से ना लें, एक पीड़ित की चार महीने बाद हुई मौत

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले से लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां कुत्ते के काटने के बाद सही इलाज नहीं मिलने से एक युवक की जान चली गई। बताया जा रहा है कि करीब पांच महीने पहले युवक को कुत्ते ने काटा था, लेकिन परिवार ने उसे अस्पताल ले जाकर एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगवाने के बजाय जड़ी-बूटी से उपचार कराया। शुरुआत में घाव तो ठीक हो गया, लेकिन शरीर में संक्रमण धीरे-धीरे फैलता रहा। कुछ समय बाद युवक की हालत बिगड़ने लगी और उसमें असामान्य व्यवहार दिखाई देने लगा। स्थिति गंभीर होने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि समय पर एंटी-रेबीज वैक्सीन नहीं लगवाने के कारण यह स्थिति बनी। यह घटना एक बार फिर इस बात की चेतावनी देती है कि कुत्ते या किसी भी जानवर के काटने पर तुरंत चिकित्सकीय उपचार और एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगवाना बेहद जरूरी है।

## दो पक्षों के बीच पत्थरबाजी, सीएसपी समेत कई पुलिसकर्मी घायल

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के कैंप क्षेत्र में सोमवार शाम दो पक्षों के बीच विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर पत्थरबाजी होने लगी। स्थिति को संभालने पहुंची पुलिस भी भीड़ के निशाने पर आ गई, जिसमें छावनी थाना के सीएसपी सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, शारदापारा इलाके में बच्चों के बीच हुए छोटे से विवाद ने धीरे-धीरे बड़ा रूप ले लिया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग जुट गए और विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। घटना की सूचना मिलते ही छावनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उग्र भीड़ ने पुलिस टीम पर भी पत्थरबाजी शुरू कर दी। इस दौरान सीएसपी छावनी समेत कई जवान घायल हो गए। हालात काबू में करने के लिए प्रशासन को अतिरिक्त बल बुलाना पड़ा। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए मौके पर दो एएसपी, 12 थाना प्रभारी और करीब 300 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। फिलहाल हालात नियंत्रण में बताए जा रहे हैं, लेकिन तनाव अभी भी बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस विवाद की जड़ में दो दिन पहले की एक घटना भी हो सकती है। बताया जा रहा है कि एक युवक द्वारा दूसरे समुदाय की युवती को ले जाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसके बाद से इलाके में तनाव बना हुआ था, जो इस घटना के बाद हिंसा में बदल गया। विवाद बढ़ने के बाद दोनों पक्षों के लोगों ने छावनी थाने का घेराव कर नारेबाजी की। देर रात कुछ संगठनों ने भी विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। दुर्ग एसएसपी मणिशंकर चंद्रा के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था जिसमें कई लोग घायल हुए हैं।

## छत्तीसगढ़ में ईडी का बड़ा शिकंजा: 103 करोड़ से अधिक की संपत्तियां कुर्क

**रायपुर।** भ्रष्टाचार के खिलाफप्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ में अपनी कार्रवाई तेज करते हुए दो बड़े मामलों में 103 करोड़ रुपये से अधिक की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। यह कार्रवाई मेडिकल उपकरण खरीद घोटाले और भारतमाला परियोजना के तहत मुआवजा घोटाले से जुड़ी हुई है। ईडी के अनुसार, जब्त की गई संपत्तियों में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में स्थित आलीशान मकान, भूखंड और औद्योगिक इकाइयां शामिल हैं। जांच में सामने आया है कि दुर्ग स्थित एक निजी कंपनी के संचालक ने स्वास्थ्य विभाग और छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के साथ मिलकर निविदा प्रक्रिया में अनियमितताएं कीं।

### कलेक्टर की सख्ती- धान उठाव पर समीक्षा, खाद्य अधिकारी को फटकार

# लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, पीएम आवास में तेजी और पेयजल व्यवस्था सुधारने के निर्देश

**कोरिया।** कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने धान उठाव की स्थिति की जानकारी ली और संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर खाद्य अधिकारी नटवर लाल राठौर को कड़ी फटकार लगाई। बैठक में कलेक्टर ने सभी जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों-कर्मचारियों की ई-एचआरएमएस संबंधी जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिला सूचना अधिकारी श्री सुखदेव पटेल ने बताया कि बार-बार निर्देशों के बावजूद कुछ विभागों द्वारा जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है, जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए तीन घंटे के भीतर जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारी राजेश भारती से एग्रीस्टेक पंजीयन की प्रगति की जानकारी लेते हुए किसानों का पंजीयन त्वरित गति से पूर्ण करने और एसडीएम व तहसीलदार के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने शिवपुर-चरचा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए तथा लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। उन्होंने जनदर्शन, सीएम जनदर्शन एवं पीएम पोर्टल में प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध परीक्षण कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार व विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों को स्वास्थ्य केन्द्र, स्कूल, आश्रम शाला, आंगनवाड़ी केन्द्र एवं उचित मूल्य दुकानों का औचक निरीक्षण करने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि जिनकी ड्यूटी लगी है, वे निरीक्षण के दौरान सभी जानकारी प्राप्त करें और समस्याओं का परीक्षण कर त्वरित निराकरण करें। उन्होंने सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग के अधिकारी को जिले के सभी आश्रम शालाओं में व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए, सुरक्षा व्यवस्था व बुनियादी सुविधाओं का नियमित जानकारी प्राप्त करने को कहा। पेयजल व्यवस्था को लेकर कलेक्टर ने पीएचई विभाग के अधिकारियों को गांवों का दौरा कर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, एसडीएम व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# मातृ वंदन योजना में छत्तीसगढ़ ने ऐसे ही नहीं मारी बाजी

**रायपुर।** प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना को लाभार्थियों तक पहुंचाने में छत्तीसगढ़ अव्वल रहा है। इससे एक बार फिर साबित हुआ है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार न सिर्फ जनकल्याणकारी योजनाओं को तेजी से अमल में लाती है, बल्कि प्रशासनिक सक्रियता से उसे हर तबके तक समय पर पहुंचाने के अपने वादे को पूरा करती है। गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रोत्साहित करने की इस केंद्रीय योजना के तेजी से क्रियान्वयन और शिकायतों का त्वरित निपटान कर छत्तीसगढ़ ने राजस्थान, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। यह सिर्फएक सरकारी योजना का राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वयन भर नहीं है, बल्कि इसके पीछे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से लेकर पर्यवेक्षक, परियोजना अधिकारी और राज्य स्तर के अधिकारियों तक के सेवा, समर्पण और दृढ़ निश्चय से हासिल की गई उपलब्धि है। जच्चा एवं बच्चा का स्वास्थ्य राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ का प्रथम स्थान इस दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का परिणाम है। प्रशासनिक अमले द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की लगातार मॉनिटरिंग की गई और लाभार्थियों के पंजीयन पर मुख्य रूप से फोकस किया गया। इस योजना का लाभ लेने के लिए वर्ष 2023-24 में जहां 1,75,797 गर्भवती महिलाओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया था, वहीं वर्ष 2024-25 में 2,19,012 रजिस्ट्रेशन किए गए। इसे ही लक्ष्य मानते हुए वर्ष 2025-26 में फरवरी तक 2,04,138 महिलाओं का रजिस्ट्रेशन किया गया जो लक्ष्य का 93.3 प्रतिशत है। रजिस्ट्रेशन के बाद इसे तुरंत मंजूरी देने पर फोकस किया गया। तय प्रक्रिया के अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा फार्म भरने, पर्यवेक्षक द्वारा इसके सत्यापन और परियोजना अधिकारी और राज्य स्तर पर मंजूरी देने में तेजी लाई गई। भरे गए आवेदनों के 83 प्रतिशत का परीक्षण कर इसे भुगतान के लिए केंद्र सरकार को भेजा गया। केंद्र से छत्तीसगढ़ को मिली स्वीकृति की दर भी सबसे ज्यादा 83.87 रही है। इसके बाद तीसरी कैटेगरी शिकायतों के निराकरण के संबंध में आंकड़ों का परीक्षण किया गया। लाभार्थियों की ज्यादातर शिकायतें भुगतान न होने को लेकर थी। इस पर तत्काल ध्यान दिया गया और कोई कमी थी तो उसे दूर किया गया।

## 25 मार्च से स्थायी रूप से बंद होगा परसदा रेलवे फाटक

**दुर्ग।** ताडोकी रेल लाइन पर स्थित परसदा फाटक को लेकर बड़ा बदलाव सामने आया है, जहां 25 मार्च की मध्यरात्रि से इस समपार को हमेशा के लिए बंद कर दिया जाएगा। रेलवे प्रशासन ने इसकी सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं और अब यहां से गुजरने वाले लोगों को वैकल्पिक मार्ग के रूप में रोड अंडर ब्रिज का उपयोग करना होगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले रिसामा-गुंडरदेही सेक्शन में स्थित समपार क्रमांक DD-24, जिसे परसदा फाटक के नाम से जाना जाता है, लंबे समय से आवागमन का प्रमुख रास्ता रहा है। लेकिन अब सुरक्षा और सुगम यातायात को ध्यान में रखते हुए इसे स्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया गया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस फाटक के स्थान पर रोड अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है। इसी कारण फाटक को बंद कर अंडरब्रिज के माध्यम से यातायात को संचालित किया जाएगा।



## 130 स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण बना उम्मीद की नई किरण

**एमसीबी।** जिले में बच्चों के स्वास्थ्य भविष्य को सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय और सकारात्मक पहल के तहत जिला स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 16-17 मार्च को बाल मधुमेह पर उन्मुखीकरण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह पहल विशेष रूप से टाइप-1 डायबिटीज (बाल मधुमेह) की समय पर पहचान और बेहतर प्रबंधन के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। कार्यशाला में जिले भर से आए 130 स्वास्थ्य कर्मियों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं समन्वयकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रतिभागियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति इस महत्वपूर्ण विषय के प्रति उनकी जागरूकता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों को टाइप-1 डायबिटीज के लक्षणों की शीघ्र पहचान, समय पर उपचार, काउंसलिंग, रोगी सहायता समूहों की भूमिका, मानसिक स्वास्थ्य एवं पारिवारिक सहयोग जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर व्यावहारिक जानकारी दी गई। समूह गतिविधियों और अनुभव साझा करने के माध्यम से प्रतिभागियों ने विषय की गहराई से समझ विकसित की, जिससे भविष्य में बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने इस पहल को बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं। प्रशिक्षण का संचालन यूनिसेफ की टीम द्वारा स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. राजेंद्र रॉय, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विनीत, जिला नोडल अधिकारी डॉ. नम्रता चक्रवर्ती सहित अन्य अधिकारियों का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम की निरंतरता में 18 एवं 19 मार्च को जनकपुर एवं मनेन्द्रगढ़ में भी ऐसे ही उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक स्वास्थ्यकर्मी प्रशिक्षित हो सकें। जिला स्वास्थ्य विभाग ने विश्वास जताया है कि इस तरह की पहल से बाल मधुमेह की समय पर पहचान और प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित होगा तथा आने वाले समय में जिले के बच्चों का स्वास्थ्य अधिक सुरक्षित और सशक्त बन सकेगा।

## उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत महापरीक्षा 22 को

**कोरिया।** कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभाकक्ष में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिक्षार्थी आंकलन महापरीक्षा अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि इस अभियान के तहत 22 मार्च 2026 को जिले में शिक्षार्थियों का आंकलन किया जाएगा। विकासखण्ड बैकुण्ठपुर एवं सोनहत में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित आंकलन केन्द्रों में प्रारंभिक साक्षरता एवं संख्याज्ञान का मूल्यांकन किया जाएगा। बताया गया कि विकासखण्ड बैकुण्ठपुर में 131 तथा सोनहत में 19 आंकलन केन्द्र बनाए गए हैं, जहां कुल 1641 शिक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नियुक्त पर्यवेक्षक निर्धारित तिथि पर परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र वैद्य, डीडी मण्डावी सहित स्कूल शिक्षा, समग्र शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### नई सुधरी ऊरगा क्षेत्र में सड़क की दशा

**कोरबा।** उरगा में मुख्य चौराहे से पुलिस थाना से कोरबा की तरफ 500 मीटर की दूरी में सड़क बदहाल है। सड़क के दोनों किनारे में बड़े-बड़े गड्ढे हैं और यहां वहां से उड़ने वाली धूल स्थिति को खतरनाक बना रही है। इन दोनों वजह से इस रास्ते पर आवागमन काफी खतरनाक साबित हो रहा है। कई मौके पर दुर्घटना हुई है और लोगों को उसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। लोक निर्माण विभाग के अधीन आने वाले इस रास्ते का उद्धार आखिर क्यों नहीं हो पा रहा है, यह लोगों की समझ से परे हैं। अलग-अलग स्तर पर इस मामले की जानकारी प्रशासन और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दी जा चुकी है लेकिन उनकी उदासीनता अभी भी जारी है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या किसी अनहोनी के बाद ही सुधार को लेकर प्रयास किए जाएंगे।

### शाखा स्तर पर प्रतिपदा उत्सव कल

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा हिंदू नव वर्ष प्रतिपदा पर उत्सव का आयोजन 19 मार्च को कोरबा जिले की सभी शाखाओं में किया जाएगा। सुबह अधिसूचित समय पर यह कार्यक्रम रखा गया है। इसके लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में होने वाले आयोजन को लेकर मुख्य वक्ताओं का चयन करने सहित पूरी योजना तय कर ली गई है। बताया गया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वर्ष भर में 6 उत्सव मनाता है, इनमें से प्रतिपदा का क्रम सबसे प्रथम स्थान पर है। सभी स्थानों पर आयोजन के लिए बैठक करते हुए रूपरेखा तैयार की गई है।

### सफलता के पैरामीटर की दी गई जानकारी

**कोरबा।** संत गोविंद राम रुद्राणी शासकीय कला वाणिज्य महाविद्यालय देवेंद्र नगर की प्राचार्य डॉ उषा किरण अग्रवाल ने कहा है कि शोध समस्या का चयन ही सफलता का पैरामीटर हो सकती है और विद्यार्थियों को इस दिशा में ध्यान देना चाहिए। कोरबा के शासकीय विश्वेश्वरैया महाविद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन उन्होंने इस बात को कहा। डॉ अग्रवाल ने कहा कि शोध समस्या आपकी दिशा तय करती है और यह बताती है कि आप वास्तविक रूप से क्या कुछ खोजना चाहते हैं। उन्होंने वैज्ञानिक शोध की विशेषताओं पर रोशनी डाली और बताया कि एक आदर्श शोध में वस्तुनिष्ठता, विश्वसनीयता, पुनरावृत्ति की संभावना मुख्य रूप से शामिल होती है। कार्यशाला में काफी संख्या में शोध छात्र और प्राध्यापक शामिल हुए।

### मुआवजा और बसाहट के लिए आज से आंदोलन

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड प्रबंधन के सामने लगातार परेशानियां पेश आ रही है। नरइबोध के विस्थापित समुदाय में बसाहट और मुआवजा के मसले को लेकर आज से आंदोलन करने की बात कही। प्रदर्शन में काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति का दावा किया गया है। उत्पन्न स्थिति को ध्यान में रखते हुए संबंधित क्षेत्र में व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं ताकि कोयला उत्पादन को लेकर समस्या ना हो।

### कुसमुंडा में मजबूती मिली एटक को

**कोरबा।** औद्योगिक जिले कोरबा में ट्रेड यूनियन के बीच गजब की खींचतान चल रही है। कार्यकर्ताओं का एक स्थान से पाला बदलकर दूसरे में शामिल होने का दौर जारी है। इस श्रृंखला में एसईसीएल कुसमुन्डा क्षेत्र के इंटक के 50 कार्यकर्ता एटक में शामिल हो गए। होली मिलन के मौके पर उन्होंने नए संगठन की सदस्यता हासिल की। जिनके यहां पर स्वागत किया गया। जो प्रवेशियों में अशोक कुमार और उनके साथी शामिल हैं। ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन काउंसिल के अध्यक्ष अश्विनी और अन्य ने कहा है कि कर्मचारी हित में हमारे द्वारा जो काम किया जा रहे हैं उससे बहुत सारे लोग प्रभावित हुए हैं। निश्चित रूप से हमारे संगठन को लेकर कामगारों का भरोसा बढ़ा है।

# काम पर जा रहे तीन बाइक सवारों पर पलटा कोयला वाहन, दर्दनाक मौत

### आक्रोशित लोगों ने जाम लगाने के साथ रखी कई मांगे



**कोरबा।** पाली थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 3 युवकों की मौत हो गई। हादसे की खबर से आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर जाम लगा दिया। पुलिस ने कोयला वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है और मृतकों के शव निकालने की कोशिश तेज की है।

जानकारी के मुताबिक, कोयले से लोड एक ट्रक अनियंत्रित होकर मोड़ के पास बाइक सवार तीन लोगों पर पलट गया, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक ग्राम पोटापानी के निवासी थे और रोज की तरह दीपका काम पर जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान पाली की ओर आ रहा कोयला लोड ट्रक अचानक संतुलन खो बैठा और बाइक सवारों पर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि तीनों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस द्वारा मलबे के नीचे दबे शवों को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और हादसे के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### कलिंगा कर्मी की गिरने से मौत, काम ठप्प

**कोरबा-दीपका।** एसईसीएल की दीपका खदान में मंगलवार रात हुई घटना में कलिंगा कंपनी में कार्यरत एक युवा श्रमिक की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद आज सुबह से ही मृतक के परिजनों और साथी ड्राइवरों ने कलिंगा कंपनी के मुख्य द्वार को जाम कर खदान का काम पूरी तरह ठप कर दिया ।



जानकारी के अनुसार अण्डीकछार निवासी जुरखन जांगड़े 32 वर्ष कलिंगा कंपनी में कार्यरत थे। मंगलवार रात लगभग 9.30 बजे सेकंड शिफ्ट के दौरान उन्होंने अपनी चलती गाड़ी किनारे खड़ी की और नीचे उतरे जिसके बाद वे अचानक वहीं गिर पड़े। मौके पर मौजूद अन्य ड्राइवरों ने जब उनकी जांच की तो सांसें चल रही थीं लेकिन हालत अत्यंत गंभीर थी। कंपनी प्रबंधन को सूचना मिलने के बाद उन्हें आनन-फानन में नेहरू धताब्दि अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन अस्पताल पहुँचने से पहले ही रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया ।

# चोर ने छीनी वृद्ध की एक आंख

**कोरबा।** पसान थाना के ग्राम बर्रा में चोर की घृणित हरकत ने एक वृद्ध को निशक्त बना दिया। उसके द्वारा किए गए हमले में वृद्ध को एक आंख से वंचित होना पड़ा है । मामले की जानकारी होने पर आज सुबह कोरबी पुलिस चौकी प्रभारी एसके जोगी मौके को रवाना हुए। घटना को अंजाम देने वाले कुख्यात तत्व की खोज भी के लिए गुप्तचरों को लगाया गया है।



तरुण छत्तीसगढ़ को इस बारे में जो जानकारी मिली है उसके अनुसार बर्रा गांव में हल्ला है कि बच्चा चोरों का गिरोह घूम रहा है। यह गिरोह बच्चा चोरी करने वाला है या घरों में चोरी करने वाला या कोई और, इसका सत्यापन फिलहाल नहीं हो सका है ।

उपलब्ध सूचनाओं में बताया गया कि मंगलवार रात करीब 11 बजे एक बुजुर्ग ग्रामीण नीलकमल अपने घर में खाट पर सोया हुआ था कि घर में घुसे अज्ञात चोर ने उस पर हमला कर दिया। किसी धारदार वस्तु से किए गए हमले के कारण इस बुजुर्ग का बायां कान कट गया है । वहीं बायीं आंख फूट गई और पुतली निकल गई है। पीड़ित के चिल्लाने से हरकत में आया चोर भाग निकला। आनन फानन में परिजनों ने कोशिश की, लेकिन कुछ पता नही चला। उन्होंने वृद्ध का हाल देखा तो वे अवाक रह गए। फौरी तौर पर उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया , जहां से मेडिकल कॉलेज कोरबा के लिए रेफर कर दिया गया।

### कभी भी गिर सकता है हाईमास्क लाईट

**कोरबा।** कटघोरा के शहीद वीर नारायण चौक पर लगा हाई मास्क लाइट का खंभा इन दिनों राहगीरों के लिए दहशत का सबब बना हुआ है। पिछले कुछ दिनों से आए तेज अंधड़ और तूफान के कारण यह विशालकाय खंभा एक तरफ खतरनाक ढंग से झुक गया है। बावजूद इसके, नगर पालिका प्रशासन और जिम्मेदार विभाग कुंभकर्णी नींद सोए हुए हैं।

गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले क्षेत्र में चली तेज आंधी के कारण इसी चौक के आसपास लगा एक बड़ा सांकेतिक बोर्ड उखड़कर गिर गया था। उस समय बड़ा हादसा होते-होते बचा था। इस चेतावनी के बाद भी प्रशासन ने सबक नहीं लिया। वर्तमान में हाई मास्क लाइट जिस तरह से टेढ़ी हो चुकी है, वह कभी भी धराशायी हो सकती है।

## संतुलन बनाते हैं वन्य जीव, लोगों की जागरूकता से होगा संरक्षण

### रेस्क्यूअर जितेंद्र ने बताया भूमिका के बारे में

**कोरबा।** घने जंगलों, आसमान छूते पहाड़ और प्राकृतिक जल स्रोतों से परिपूर्ण कोरबा जिला अनेक दुर्लभ वन्य जीवों और वनस्पतियों का आश्रय स्थल है। पर्यावरणीय संतुलन में इनकी अहम भूमिका है। इनका संरक्षण करना नागरिकों की जिम्मेदारी है।

वाइल्डलाइफ सेक्टर में काम कर रहे जितेंद्र सारथी ने बताया कि हाथी, भालू, तेंदुआ, शाह, कहट, ऊदबिलाव , कबर बज्जू , उड़न गिलहरी , किंग कोबरा सहित विभिन्न प्रकार के सरीसृप, पक्षी एवं औषधीय पेड़-पौधे जिले में उपलब्ध हैं। इनकी उपस्थिति से कोरबा का जंगल जीवंत और चहकता रहता है। कई बार बाघ और गौर की मौजूदगी भी कटघोरा क्षेत्र के जंगलों में देखने को मिलती हैं। विभिन्न प्रजाति के पक्षियों व उल्लू कि भी अच्छी खासी संख्या हैं जो प्रकृति को संतुलन करने में अपनी एहम भूमिका निभाते हैं। जितेंद्र ने कहा कि कोरबा की यह प्राकृतिक समृद्धि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, वन्य जीवों और उनके प्राकृतिक आवास की रक्षा के लिए गांव और शहर दोनों क्षेत्रों के नागरिकों को समान रूप से समर्पित होकर कार्य करना होगा,उन्होंने अपील की कि किसी भी वन्य जीव को नुकसान न पहुंचाया जाए तथा घायल या संकटग्रस्त जीव दिखाई देने पर तुरंत वन विभाग या रेस्क्यू टीम को सूचना दी जाए,अवैध शिकार और पर्यावरण क्षति के विरुद्ध जनभागीदारी ही संरक्षण की सबसे बड़ी शक्ति है। वन्य जीव बचेंगे तो जंगल बचेंगे, और जंगल बचेंगे तो हमारा भविष्य सुरक्षित रहेगा।

## ज्यादा महुआ पाने के लालच में आग के हवाले किया जा रहा जंगलों को

### जनजागरूकता जरूरी है रोकथाम के लिए



**कोरबा।** गर्मी की दस्तक के साथ ही जंगलों में आग लगने की घटनाएं भी शुरू हो गई हैं। ऐसे मामलों में प्राकृतिक और मानवीय कारणों को प्रमुख बताया जा रहा है। जिले के कई जंगलों में इस प्रकार की तस्वीर बनी हुई है। इस चक्कर में कुल मिलाकर वनसंपदा को नुकसान पहुंच रहा है।

कोरबा और कटघोरा वन मंडल अंतर्गत कई क्षेत्रों के जंगलों में आग की सूचनाएं प्राप्त हो रही है। हालांकि इस पर नियंत्रण के लिए पर्याप्त संख्या में टीम बनायी गई है। वे फायर ब्लोअर के साथ अपना काम कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि महुआ बिनने में आसानी के लिए कुछ ग्रामीण जंगल में आग लगा देते हैं, ताकि जमीन पर गिरे महुआ के फूल साफ दिखाई दें। लेकिन इस लालच में जंगल की हरियाली और वन्य संपदा को भारी नुकसान पहुंच रहा है। आग की चपेट में आने से छोटे पौधे, झाड़ियां और वन्य जीवों के आश्रय स्थल भी नष्ट हो जाते हैं।

हर साल गर्मियों की शुरुआत के साथ ही इस तरह की घटनाएं सामने आती हैं, लेकिन इसके बावजूद वन विभाग की निगरानी और रोकथाम के इंतजाम नाकाफी नजर आते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जंगल में आग लगने की घटनाओं पर समय रहते नियंत्रण नहीं हो पाता, जिससे नुकसान लगातार बढ़ता जा रहा है।

वन संपदा को बचाने के लिए जरूरी है कि वन विभाग सख्त निगरानी के साथ ग्रामीणों को भी जागरूक करे, ताकि महुआ संग्रह के नाम पर जंगलों को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

### बांकी मोंगरा की समस्याओं को लेकर एईकेएमसी गंभीर

**कोरबा।** बांकी मोंगरा क्षेत्र के कामगारों को कई समस्याओं से जुझना पड़ रहा है। जिसके लिए एईकेएमसी गंभीर हो गया है। गर्मी के दिनों में पेयजलकी समस्या न रहे इसके लिए प्रयास शुरू कर दिए गए है। खासकर गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या बढ़ जाती है।

एसईकेएमसी के एआर जीनस गोविन्द राजपूत यादव प्रसाद का मानना है कि इस बार पेयजल की समस्या न रहे इस लिए प्रयास शुरू कर दिए गए है। गर्मी के दिनों में पेयजल की ज्यादा खपत होती है। ऐसी स्थिति में पेयजल की आपूर्ति को और अधिक बढ़ाना पड़ता है। इस संबंध में अधिकारियों से मुलाकात कर समस्याओं को दूर किया जाएगा। इसके अलावा बिजली आपूर्ति व्यवस्था को भी ठीक करने की आवश्यकता है। लोवेलटेज न रहे इसके लिए अभी से ही प्रयास शुरू कर दिए गए है।

### पांच शक्तिपीठों की अखंड ज्योत के होंगे दर्शन

**कोरबा।** कोरबा जिले के देवपहरी स्थित हिंगलाजगढ़ में नवरात्र पर पांच शक्तिपीठों की ज्योति के दर्शन श्रद्धालुओं को होंगे। गुजरात के पावागढ़, मैहर की शारदा देवी, कामाख्या की कामाख्या देवी, माता वैष्णो देवी और कामाक्षीपुरम की अखंड ज्योति इस हिंगलाजगढ़ में स्थापित की गई है।

## गुरुकुल स्थापना सहित कई मुद्दों पर हुआ मंथन



**कोरबा।** सीतामढ़ी मुख्य मार्ग स्थित सप्तदेव मंदिर में हिंदू नारायणी सेना(मंदिर) ने एक विशेष धर्म संवाद बैठक रखी और हिंदू धर्म से संबंधित हर एक मसलों पर गहन मंथन किया।

संगठन प्रमुख अरविंद अग्रवाल ने बताया कि हिंदू धर्म में धार्मिक मूल्य को बढ़ावा देने सहित समय-समय पर मंदिरों में सामाजिक और पारंपरिक कार्यक्रम की आयोजन नियमानुसार, नियमित उपस्थिति और समग्र प्रयासों से गुरुकुल की स्थापना करते हुए बच्चों को धर्म संवत संस्कारित शिक्षा देने के बारे में गंभीरता से विचार विनिमय हुआ। इस प्रकार के कार्य कैसे संभव हो सकते हैं, इसके लिए सभी मंदिरों के पुजारी एवं धर्मगुरु ने अपने सुझाव दिए।हिंदू नव वर्ष प्रतिपदा एवं चैत्र नवरात्र पर मंदिरों सहित शहर के सभी हिंदू अपने घरों में भगवा ध्वज लगाए और शाश्वत मान्यताओं को प्रचारित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से इस पक्ष को भी रखा गया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऐसे किसी भी कंटेंट को पोस्ट करने से बचा जाए जो विरोधाभास को प्रकट करते हो। बैठक में शारदा विहार शिव मदिर, पीएच रोड, शिव मंदिर ,सुभाष ब्लॉक हेलीपैड हनुमान मंदिर, मुड़ापार हनुमान मंदिर ,,रेलवे स्टेशन वैष्णो दरबार, राम दरबार, लक्ष्मी नारायण मंदिर, सीतामढ़ी सप्तदेव मंदिर , और भी अन्य मंदिरों के पुरोहित उपस्थित थे।

### बर्बाद सड़क करेगी भक्तों को परेशान इस नवरात्र पर

**कोरबा।** हसदेव सड़क पुल से लेकर सर्वमंगला मंदिर पहुंच मार्ग जर्जर स्थिति में है। इस वजह से लोगों को अब कि बार दिक्कत होगी। लोगों ने बताया कि काफी समय से सुधार की मांग हो रही है।

## 83 और 88 नंबर लाने पर भी नवोदय से वंचित रहे ओबीसी व सामान्य छात्र

### नतीजे घोषित, चेहरे पर दिखी निराशा

**कोरबा।** जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित होने के साथ बड़ी संख्या में ओबीसी और सामान्य छात्रों को निराशा हासिल हुई। वह भी केवल एक या दो नंबर के अंतर से। 83 और 88 नंबर अर्जित करने पर भी ऐसे बच्चे नवोदय में पढ़ने की पात्रता से वंचित रह गए। पिछली शाम नवोदय विद्यालय संगठन की ओर से नतीजे की घोषणा की गई। इसके साथ ही काफी संख्या में बच्चों के चेहरे लटक गए।

कक्षा छठवीं से 12वीं की अंग्रेजी माध्यम वाली निशुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था नवोदय विद्यालय में की गई है। कोरबा जिले का इकलौता यह विद्यालय छुरीकला के पास सलोरा में संचालित है। पिछले दिनों प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था जिसमें अलग-अलग केंद्रों में विद्यार्थी शामिल हुए थे। समानता के सिद्धांत को सच मानते हुए अलग-अलग कैटेगरी के विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल जरूर हुई लेकिन उन्हें नतीजा की घोषणा के बाद इसका सच पता चला।

खबर के अनुसार दो प्रमुख आरक्षित कैटिगरी में महज 60 फीसदी अंक ही नवोदय में एंट्री के लिए पैरामीटर बन गया। जबकि ओबीसी विद्यार्थियों को इसी संस्था में एंट्री पाने के लिए न्यूनतम 85 और सामान्य के लिए 90 इससे अधिक अंक अनिवार्य किये गए। जानकारी मिली है कि शहरी क्षेत्र में कुछ विद्यार्थियों ने नतीजा को लेकर काफी उम्मीद पाल रही थी लेकिन जब वह किनारे पर आकर अटक गए तो उनकी खुशियां ही छिन गई। अब इसी के साथ यह सवाल उठ रहा है कि यह किस तरह की नीति है जो असमानता की खाई को विस्तार देती है।

## सड़क को बना दिया नमूना



**कोरबा।** जलापूर्ति की व्यवस्था के लिए कोरबा के ट्रांसपोर्ट नगर और अन्य क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाई गई है। ठेकेदार ने इसके लिए मुख्य सड़क के किनारे खुदाई की और फिर उसे अव्यवस्थित तरीके से छोड़ दिया। इस वजह से आवाक्रमण करने में लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

### बसपा की सेक्टर स्तरीय बैठक

**कोरबा।** बसपा के जिलाध्यक्ष फूलचंद सोनवानी द्वारा जैजेपुर में आयोजित सम्मेलन में शामिल होने के बाद अपने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि सेक्टर स्तर पर बैठक लेकर संगठन को मजबूत करें। जिसके बाद से कोरबा विधानसभा के अध्यक्ष गज्जू चौहान ने सेक्टर में जाकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली है। इधर कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष राघवेन्द्र मनहर ने भी कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उन्होंने सेक्टर में कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर दिया है। पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें जागरूक करने का काम लगातार किया जा रहा है। इस संबंध में बाबूलाल टंडन ने कहा सभी क्षेत्रों में कार्यकर्ता सक्रिय हो गए हैं।

### हिन्दू नववर्ष पर कार्यक्रम, ट्रैफिक पुलिस ने बदलाव का रूटचार्ट जारी किया

**कोरबा।** हिन्दू नव वर्ष पर आयोजित होने वाली शोभा यात्रा को लेकर यातायात पुलिस ने तैयारी के साथ मार्ग में बदलाव किया है। यात्रा में जुटने वाली भीड़ को देखते हुए सीतामणी चौक से लेकर नया बस स्टैंड कोरबा तक एवं कोसाबाड़ी तिराहा से ट्रांसपोर्ट नगर क्रोमा स्टोर तक की सड़क को दोपहर एक बजे से यातायात के लिए बंद कर दिया है। इस अवधि में दुपहिया, तीनपहिया और चारपहिया गाड़ियों का प्रवेश रोका जाएगा। बड़ी गाड़ियों को भी आने जाने की अनुमति नहीं होगी।

ट्रैफिक पुलिस की ओर से बताया गया है कि वाहनों की पार्किंग के लिए सात स्थान चिन्हित किए गए हैं। इसमें सुभाष चौक मैदान, एमपी नगर दशहरा मैदान, सीएसईबी ग्राउंड, नहर चौक मल्टी स्टोरी पार्किंग के पास स्थित खाली मैदान, सीतामणी शनि मंदिर चौक के पास पार्किंग, बुधवारी सर्कस मैदान एवं स्टेडियम चौक के

पास पार्किंग की व्यवस्था की गई है। कोरबा जिले में हिंदू नव वर्ष को लेकर तैयारी जोर-शोर से चल रही है। नव वर्ष पर कोरबा में शोभा यात्रा का आयोजन किया जाना है। यह शोभायात्रा सीतामणी से शुरू होगी, जो पुराना बस स्टैंड रेलवे क्रॉसिंग होते हुए नहर चौक के रास्ते ट्रांसपोर्ट नगर होकर नया बस स्टैंड कोरबा पहुंचेगी। इस यात्रा में एक और शोभायात्रा शामिल होगी जो कोसाबाड़ी से शुरू होगी। सुभाष चौक, घंटाघर, महाराणा प्रताप नगर, चौक जैन मंदिर चौक सीएसईबी चौक के रास्ते क्रोमा स्टोर के पास समाप्त होगी।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com